| प्रमोटर्स की कुल शेयर होल्डिंग (अ) = (अ)(1) + (अ) (2) | लागू नहीं | 12250000 | 12250000 | 100% | लागू नहीं | 12250000 | 12250000 | 100% | 0.00 |
| **ब. सार्वजनिक शेयर होल्डिंग**<br>**1. संस्थान**<br>अ) म्यूचुअल फंड्स<br>ब) बैंक/वित्तीय संस्थान<br>स) केंद्रीय सरकार<br>द) राज्य सरकार<br>य) वेंचर कैपिटल फंड<br>र) बीमा कंपनियां<br>व) एफआईआई<br>ल) विदेशी वेंचर कैपिटल फंड<br>ह) अन्य (लिखें) | लागू नहीं | 0 | 0 | 0.00 | लागू नहीं | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| उप योग (ब) (1) :– | लागू नहीं | 0 | 0 | 0.00 | लागू नहीं | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2. गैर-संस्थान**<br>अ) निकाय निगम<br>i) भारतीय<br>ii) प्रवासी<br>ब) व्यक्तिगत<br>i) व्यक्तिगत शेयरधारक नाममात्र शेयर पूंजी रखने वाले, 1 लाख रूपये तक<br>ii) व्यक्तिगत शेयरधारक नाममात्र शेयर पूंजी रखने वाले, 1 लाख रूपये से अधिक<br>स) अन्य<br>उप योग (ब)(2) :- | लागू नहीं | 0 | 0 | 0.00 | लागू नहीं | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| कुल सार्वजनिक शेयर होल्डिंग (ब) = (ब)(1)+(ब)(2) | लागू नहीं | 0 | 0 | 0.00 | लागू नहीं | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| **स. जीडीआर और एडीआर के लिए कस्टोडियन द्वारा धारित शेयर** | **लागू नहीं** | **0** | **0** | **0.00** | **लागू नहीं** | **0** | **0** | **0.00** | **0.00** |
| **कुल योग (अ+ब+स)** | **लागू नहीं** | **12250000** | **12250000** | **100%** | **लागू नहीं** | **12250000** | **12250000** | **100%** | **0.00** |

**(ii) प्रमोटरों की हिस्सेदारी**

| **क्र.स.** | **शेयरधारक का नाम** | **शेयर होल्डिंग, वर्ष के प्रारंभ में (01-04-2022 को)** | | | **शेयर होल्डिंग, वर्ष के अंत में (31-03-2023 को)** | | | **वर्ष के दौरान शेयर होल्डिंग में % परिवर्तन** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **शेयरों की संख्या** | **कंपनी के कुल शेयरों का %** | **गिरवी रखे गए शेयरों का % / कुल शेयरों के लिए भारग्रस्त** | **शेयरों की संख्या** | **कंपनी के कुल शेयरों का %** | **गिरवी रखे गए शेयरों का % / कुल शेयरों के लिए भारग्रस्त** | |
| 1. | भारत के राष्ट्रपति | 6247500 | 51 | - | 6247500 | 51 | - | - |
| 2. | रीको | 6002500 | 49 | - | 6002500 | 49 | - | - |
| | **कुल** | **12250000** | **100** | **-** | **12250000** | **100** | **-** | **-** |

**(iii) प्रमोटरों की हिस्सेदारी में 31.03.2023 तक परिवर्तन ( कृपया निर्दिष्ट करें, अगर कोई परिवर्तन नहीं है )**

| नाम | शेयर होल्डिंग, वर्ष के प्रारंभ में ( 01-04-2022 को ) | | दिनांक | शेयरहोल्डिंग में वृद्धि/कमी | कारण | संचयी शेयर होल्डिंग, वर्ष के दौरान ( 01-04-2022 से 31-03-2023 तक ) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शेयरों की संख्या | कंपनी के कुल शेयरों का % | | | | शेयरों की संख्या | कंपनी के कुल शेयरों का % |
| भारत के राष्ट्रपति | 6247500 | 51 | 31.03.2023 | कोई परिवर्तन नहीं | | 6247500 | 51 |
| राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड, जयपुर | 6002500 | 49 | 31.03.2023 | कोई परिवर्तन नहीं | | 6002500 | 49 |

**(iv) शीर्ष दस शेयरधारकों का शेयर होल्डिंग पैटर्न ( निदेशक, प्रमोटर्स और जीडीआर एवं एडीआर के धारक के अलावा )**

| | शेयर होल्डिंग, वर्ष के आंरभ में | | संचयी शेयर होल्डिंग, वर्ष के दौरान | |
|---|---|---|---|---|
| प्रत्येक शीर्ष 10 शेयरधारकों के लिए | शेयरों की संख्या | कंपनी के कुल शेयरों का % | शेयरों की संख्या | कंपनी के कुल शेयरों का % |
| वर्ष के प्रारंभ में | कुछ नहीं | | | |
| वर्ष के दौरान शेयर होल्डिंग में दिनांक वार वृद्धि/कमी का कारण निर्दिष्ट करें (जैसे आवंटन/ट्रांसफर/बोनस/उद्यम इक्विटी, आदि) | | | | |
| वर्ष के अंत में (या विभाजन की तिथि पर, यदि वर्ष के दौरान विभाजन हुआ) | | | | |

**(v) निदेशकों की शेयर होल्डिंग और मुख्य प्रबंधकीय कर्मी**

| | शेयर होल्डिंग, वर्ष के आंरभ में | | संचयी शेयर होल्डिंग, वर्ष के दौरान | |
|---|---|---|---|---|
| प्रत्येक निदेशकों के लिए और केएमपी | शेयरों की संख्या | कंपनी के कुल शेयरों का % | शेयरों की संख्या | कंपनी के कुल शेयरों का % |
| वर्ष के प्रारंभ में | कुछ नहीं | | | |
| वर्ष के दौरान शेयर होल्डिंग में दिनांक वार वृद्धि/कमी का कारण निर्दिष्ट करें (जैसे आवंटन/ट्रांसफर/बोनस/उद्यम इक्विटी, आदि) | | | | |
| वर्ष के अंत में | | | | |

## V. कर्जदारी

**कंपनी की कर्जदारी में ब्याज बकाया/उपार्जित शामिल, लेकिन भुगतान के लिए देय नहीं**

( रु. लाखों में )

| विवरण | सुरक्षित ऋण जमा छोड़कर | असुरक्षित ऋण | जमा | कुल कर्ज |
|---|---|---|---|---|
| **कर्जदारी में परिवर्तन, वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में** | | | | |
| i) मूल राशि | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| ii) ब्याज देय, लेकिन भुगतान नहीं किया | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| iii) ब्याज उपार्जित, लेकिन देय नहीं | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| **कुल (i+ii+iii)** | **शून्य** | **शून्य** | **शून्य** | **शून्य** |
| **कर्जदारी में परिवर्तन, वित्तीय वर्ष के दौरान** | | | | |
| • वृद्धि | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| • कमी | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| **शुद्ध परिवर्तन** | **शून्य** | **शून्य** | **शून्य** | **शून्य** |
| **कर्जदारी में परिवर्तन, वित्तीय वर्ष के अंत में** | | | | |
| i) मूल राशि | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| ii) ब्याज देय, लेकिन भुगतान नहीं किया | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| iii) ब्याज उपार्जित, लेकिन देय नहीं | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| **कुल (i+ii+iii)** | **शून्य** | **शून्य** | **शून्य** | **शून्य** |

## VI. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों को पारिश्रमिक

**अ. प्रबन्ध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक और/ या प्रबंधक को पारिश्रमिक:**

( रु. लाखों में )

| क्र.स. | पारिश्रमिक का विवरण | प्रबन्ध निदेशक का नाम |
|---|---|---|
| | | श्री राकेश चौपड़ा |
| 1. | सकल वेतन<br>(अ) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में निहित प्रावधानों के अनुसार वेतन<br>(ब) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अंतर्गत अनुलाभ का मूल्य<br>(स) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अंतर्गत वेतन के बदले में लाभ | 39.26<br>- |
| 2. | स्टॉक विकल्प | - |
| 3. | उद्यम इक्विटी | - |
| 4. | कमीशन – लाभ % के रुप में<br>– अन्य, निर्दिष्ट करें ...... | - |
| 5. | अन्य जैसे पीएफ, पेंशन | 3.03 |
| | **कुल ( अ )** | 42.59 |

ब. अन्य निदेशकों को पारिश्रमिक:

( रु. लाखों में )

| क्र.स. | पारिश्रमिक का विवरण | निदेशक का नाम | |
|---|---|---|---|
| | | श्री निर्मल कुमार जैन | श्री दिनेश के शर्मा |
| 1. | स्वतंत्र निदेशक<br>● बोर्ड/समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए शुल्क<br>● कमीशन<br>● अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें | 0.70 | 0.70 |
| | **कुल (1)** | **0.70** | **0.70** |
| 2. | अन्य गैर–कार्यकारी निदेशक<br>● बोर्ड/समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए शुल्क<br>● कमीशन<br>● अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें | शून्य | शून्य |
| | **कुल (2)** | **शून्य** | **शून्य** |
| | **कुल (ब) = (1+2)** | 0.70 | 0.70 |
| | **कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक** | **0.70** | **0.70** |

स. प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों को पारिश्रमिक, प्रबन्ध निदेशक/प्रबंधक/पूर्णकालिक निदेशक के अलावा

( रु. लाखों में )

| क्र.स. | पारिश्रमिक का विवरण | प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सी.ई.ओ | सी.एफ.ओ. ( श्री सुभाष अग्रवाल ) | कंपनी सचिव ( श्री अमित के. जैन ) | कुल |
| 1. | सकल वेतन<br>(अ) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में निहित प्रावधानों के अनुसार वेतन<br>(ब) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अंतर्गत अनुलाभ का मूल्य<br>(स) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अंतर्गत वेतन के एवज में लाभ | लागू नहीं | 33.88 | 12.97 | 46.85 |
| 2. | स्टॉक विकल्प | | - | - | - |
| 3. | उद्यम इक्विटी | | - | - | - |
| 4. | कमीशन – लाभ % के रुप में<br>– अन्य, निर्दिष्ट करें ...... | | - | - | - |
| 5. | अन्य जैसे पीएफ, पेंशन | | 2.87 | 1.12 | 3.99 |
| | **कुल** | | **36.75** | **14.09** | **50.84** |

**VII. जुर्माना/सजा/अपराधों का उल्लंघन**

| प्रकार | कंपनी अधिनियम की धारा | संक्षिप्त विवरण | लगाई गई जुर्माना/सज़ा/ उल्लंघन फीस का विवरण | प्राधिकरण ( आरडी/ एनसीएलटी/न्यायालय ) | यदि कोई अपील करी हो ( विवरण दें ) |
|---|---|---|---|---|---|
| **शून्य** | | | | | |

# कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(बी) के अधीन 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां

कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन निर्धारित वित्तीय मानडंदों के अनुसार, 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड के वित्तीय विवरणों को तैयार करना कंपनी के प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। अधिनियम की धारा 139(5) के अधीन भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक कंपनी अधिनियम की धारा 143 के अधीन इन वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी है, जो लेखा परीक्षक के अनुसरण में स्वतंत्र लेखापरीक्षा और अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्धारित आश्वासन मानडंद पर आधारित बताया गया है। यह उनके द्वारा अपनी रिपोर्ट दिनांक 16 अगस्त, 2023 को किया गया था।

मैंने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से, 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की धारा 143(6)(ए) के अधीन अनुपूरक लेखापरीक्षा नहीं करने का निर्णय लिया है।

**कृते और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से**

**हस्ताक्षरित**
**( एस. आहलादिनी पंडा )**
**प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा**
**( उद्योग एवं कॉर्पोरेट कार्य )**
**नई दिल्ली**

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक: 13 सितम्बर 2023**

# स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

**प्रति,**

**राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड के सदस्यगण**

**वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट**

**राय**

हमने राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड (''कंपनी'') के वित्तीय विवरणों का लेखापरीक्षा किया है, जिसमें 31 मार्च 2023 तक का तुलन पत्र और लाभ–हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), ईक्विटी में परिवर्तन का विवरण और नकदी प्रवाह विवरण उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए तथा महत्वपूर्ण लेखा नीतियों और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी के सारांश सहित वित्तीय विवरणों के लिए नोट्स शामिल हैं।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उपरोक्त वित्तीय विवरण, 31 मार्च, 2023 को कंपनी के मामलों की स्थिति और इसकी हानि, अन्य व्यापक आय सहित, इक्विटी में परिवर्तन और उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए इसके नकदी प्रवाह को कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133, कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 यथा संशोधित ''अधिनियम'' के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (''इंड एएस'') के अनुरूप सही और निष्पक्ष तस्वीर प्रस्तुत करते हैं, कंपनी अधिनियम 2013, ''अधिनियम'' की धारा 133 के तहत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 यथासंशोधित ("इंड एएस") और भारत में आम तौर पर स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के साथ पढ़ा गया है।

**राय के लिए आधार**

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत निर्दिष्ट लेखापरीक्षा मानकों (एसए) पर वित्तीय विवरणों का लेखापरीक्षा किया है। उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को हमारी रिपोर्ट के ''वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारी'' अनुभाग में आगे वर्णित है। हम इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउन्ट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी "नैतिक संहिता" के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र है, साथ ही उन नैतिक आवश्यकताओं के साथ जो कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत नियम के प्रावधानों के तहत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं, हमने इन आवश्यकताओं और नैतिक संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा मानना है कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

**विषय पर बल**

हम निम्नलिखित पर ध्यान आकर्षित करते हैं:

**( अ ) नोट नं. 7.1 और 19 बी जिसमें व्यापार प्राप्तियां और व्यापार देय के शेष की पुष्टि नहीं की गई है। ऐसे शेषों की पुष्टि/समाधान/समायोजन पर परिणामी प्रभाव ( जो प्रबंधन के अनुसार महत्वपूर्ण नहीं होगा ), यदि कोई हो, सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है।**

**( ब ) नोट नं. 8.1 लेखा पुस्तकों में किए गए आस्थगित कर परिसंपत्तियों के 22.13 करोड़ रुपये के संबंध में, इसमें बताए गए कारणों को ध्यान में देखते हुए, जिसकी प्राप्ति प्रबंधन द्वारा प्रत्याशित/अनुमानित भविष्य में पर्याप्त लाभ अर्जित करने पर निर्भर करेगी।**

**( स ) नोट नं. 32.3( सी ) व्यापार देय के संबंध में, जिसमें ग्राहकों से भुगतान प्राप्त होने पर ठेकेदार को देय 96.02 करोड़ रुपये शामिल हैं।**

**( द ) नोट नं. 20.1.2 एमएसएमई विक्रेता के संबंध में ( मैसर्स गण सन ग्लोबल सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ) द्वारा 14.75 लाख रुपये की राशि पर ब्याज के दावे की आकस्मिक देयता का खुलासा नहीं करने पर, क्योंकि ब्याज की राशि निश्चित नहीं है।**

उपरोक्त मामलों के संबंध में हमारी राय संशोधित नहीं है।

**प्रमुख लेखापरीक्षा मामले**

प्रमुख लेखापरीक्षा मामले वे मामले हैं जो हमारे पेशेवर निर्णय में, चालू वर्ष के वित्तीय विवरण की हमारी लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन मामलों को समग्र रूप से वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संदर्भ में संबोधित किया गया था और उस पर अपनी राय बनाने में, हम इन मामलों पर एक अलग राय प्रदान नहीं करते हैं। हमने अपनी रिपोर्ट में संप्रेषित किए जाने वाले प्रमुख लेखापरीक्षा मामलों को निर्धारण नहीं किया है।

**वित्तीय विवरणों और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी**

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य जानकारी तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। अन्य जानकारी में वार्षिक रिपोर्ट में शामिल जानकारी शामिल है, लेकिन इसमें वित्तीय विवरण और उस पर हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है। इस लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तिथि के बाद वार्षिक रिपोर्ट हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारी शामिल नहीं है और हम उस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करेंगे।

वित्तीय विवरणों की हमारे लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी है कि ऊपर दी गई अन्य जानकारी उपलब्ध होने पर उसे पढ़ना है और ऐसा करने में, इस बात पर भी विचार करना है कि क्या अन्य जानकारी वित्तीय विवरणों या लेखापरीक्षा में प्राप्त हमारे ज्ञान के साथ भौतिक रूप से असंगत है या अन्यथा भौतिक रूप से गलत प्रतीत होता है। जब हम वार्षिक रिपोर्ट पढ़ते हैं, यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इसमें कोई महत्वपूर्ण गलत विवरण है, तो हमें उस तथ्य की रिपोर्ट करना आवश्यक है। लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख पर, हमारे पास इस संबंध में रिपोर्ट करने के लिए कुछ भी नहीं है, क्योंकि इस लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तारीख के बाद वार्षिक रिपोर्ट हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

**वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी**

कंपनी के निदेशक मंडल इन वित्तीय विवरणों की तैयारी के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 134(5) में बताए गए मामलों के लिए जिम्मेदार हैं, जो वित्तीय स्थिति का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं, कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 संशोधित और भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक (आईएनडी एएस) के अनुसार कंपनी की अन्य व्यापक आय, इक्विटी और नकदी प्रवाह में परिवर्तन सहित वित्तीय प्रदर्शन पढ़ा गया है। इस जिम्मेदारी में कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड का रखरखाव भी शामिल हैय उपयुक्त लेखा नीतियों का चयन और अनुप्रयोगय ऐसे निर्णय और अनुमान लगाना जो उचित और विवेकपूर्ण होंय और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव, जो वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति से संबंधित लेखा अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, जो सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं और भौतिक गलतबयानी से मुक्त हैं, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो।

वित्तीय विवरण तैयार करने में, प्रबंधन एक गोइंग कन्सर्न के रूप में जारी रहने की कंपनी की क्षमता का आकलन करने और चालू संस्था से संबंधित मामलों, जैसा लागू हो, का खुलासा करने के लिए जिम्मेदार है और लेखा के गोइंग कन्सर्न आधार का उपयोग करना जब तक कि प्रबंधन या तो कंपनी को समाप्त करने या संचालन बंद करने का इरादा नहीं रखता है या उसके पास ऐसा करने के अलावा कोई यथार्थवादी विकल्प नहीं है।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए भी जिम्मेदार है।

**वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियां**

हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या समग्र रूप से वित्तीय विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण भौतिक गलतबयानी से मुक्त हैं और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना है जिसमें हमारी राय शामिल है। उचित आश्वासन एक उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एसएएस के अनुसार आयोजित ऑडिट हमेशा मौजूद होने पर एक महत्वपूर्ण गलतबयानी का पता लगाएगा। गलतबयानी धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकती है और उन्हें महत्वपूर्ण माना जाता है यदि व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप से उनसे इन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की उचित उम्मीद की जा सकती है।

एसएएस के अनुसार, लेखापरीक्षा के हिस्से के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरे लेखापरीक्षा के दौरान पेशेवर संदेह बनाए रखते है। हम भी :

i) वित्तीय विवरणों के भौतिक गलत विवरण के जोखिमों की पहचान और उसका आकलन करना, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, उन जोखिमों के प्रति उत्तरदायी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन और निष्पादन करना और लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करना जो हमारी राय के लिये आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित हो। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप होने वाली महत्वपूर्ण गलतबयानी का पता न चल पाने का जोखिम, त्रुटि के परिणामस्वरूप हुई किसी भौतिक की तुलना में अधिक होता है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत बयानी या आंतरिक नियंत्रण का उल्लंघन शामिल हो सकता है।

ii) परिस्थितियों में उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करना। कंपनी अधिनियम की धारा। 43(3)(i) के तहत, हम इस पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और ऐसे नियंत्रणों के संचालन की प्रभावशीलता क्या है।

iii) उपयोग की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और निदेशक मंडल द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित खुलासों की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।

iv) लेखांकन के गोइंग कंसर्न आधार के निदेशक मंडल के उपयोग

की उपयुक्तता पर और प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य के आधार पर निष्कर्ष निकालना कि क्या घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई भौतिक अनिश्चितता मौजूद है जो कंपनी की गोइंग कंसर्न के रूप में जारी रखने की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह पैदा कर सकती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है, तो हमें अपनी लेखापरीक्षा की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में सम्बंधित खुलासों पर ध्यान आकर्षित करना होगा या, यदि ऐसे खुलासे अपर्याप्त हैं, तो अपनी राय को संशोधित करना होगा। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखापरीक्षा की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य की घटनाओं या स्थितियों के कारण कंपनी गोइंग कन्सर्न के रूप में काम करना बंद कर सकती है।

v) वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और भौतिकता का मूल्यांकन करना, जिसमें खुलासे भी शामिल हैं और क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं का इस तरह से प्रतिनिधित्व करते हैं जिससे निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त होती है।

भौतिकता वित्तीय विवरणों में गलत बयानों की भयावहता है, जो व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप से, यह संभव बनाती है कि वित्तीय विवरणों के एक उचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम मात्रात्मक भौतिकता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं (1) हमारी लेखापरीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाना और परिणामों या हमारे काम का मूल्यांकन करना (2) वित्तीय विवरणों में पहचाने गए गलत विवरणों के प्रभाव का मूल्यांकन करना।

हम अन्य मामलों के अलावा, लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे और समय और महत्वपूर्ण ऑडिट निष्कर्षों के संबंध में, आंतरिक नियंत्रण में किसी भी महत्वपूर्ण कमी सहित, जिसे हम अपने लेखापरीक्षा के दौरान पहचानते हैं, शासन के प्रभारी लोगों के साथ संवाद करते हैं।

हम शासन के प्रभारी लोगों को एक बयान भी प्रदान करते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है और उनके साथ उन सभी रिश्तों और अन्य मामलों पर संवाद करना जो उचित रूप से हमारी स्वतंत्रता और जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपायों पर असर डालने वाले माने जा सकते हैं।

शासन के प्रभारी लोगों के साथ संचारित मामलों से, हम उन मामलों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए प्रमुख लेखापरीक्षा मामले हैं। हम अपनी लेखा परीक्षक रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियम मामले के बारे में सार्वजनिक खुलासे को रोकता नहीं हैं या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम निर्धारित करते हैं कि किसी मामले को हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणाम ऐसे संचार के सार्वजनिक हित लाभों से अधिक होने की उम्मीद की जाएगी।

**अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट**

1. जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उप–धारा (11) के संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिनियम (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश 2020 ("आदेश") द्वारा अपेक्षित है, हम **''अनुलग्नक-ए''** में आदेश के पैरा 3 और 4 में र्निदिष्ट मामलों पर लागू सीमा तक बयान करते हैं।
2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों पर, हम कंपनी की पुस्तकों और रिकॉर्डों की जांच के आधार पर अधिनियम की धारा 143(5) के संदर्भ में अपनी रिपोर्ट **''अनुलग्नक-बी''** में संलग्न कर रहे हैं, जैसा कि हमने विचार किया और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार।
3. अधिनियम की धारा 143(3) के अनुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि :

   (अ) हमने वे सभी जानकारी व स्पष्टीकरण मांगे और प्राप्त किए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्यों के लिए आवश्यक थे

   (ब) हमारी राय में, जहां तक यह उन लेखा–बहियों की हमारी जांच से प्रतीत होता है, कंपनी ने कानून द्वारा आवश्यक उचित लेखा बहियां रखी गई हैं। ।

   (स) इस रिपोर्ट से संबंधिततुलन पत्र, लाभ हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित) नकदी प्रवाह विवरण, ईक्विटी में परिवर्तन का विवरण और  अन्य इक्विटी में परिवर्तन का विवरण, लेखा बहियों के अनुरुप है।

   (द) हमारी राय में, उपरोक्त वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट इंड एएस का अनुपालन करते हैं, जिसे संशोधित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015, के साथ पढ़ा गया है।

   (य) कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या जी.एस.आर.463 (ई) दिनांक 5 जून 2015 के सं संदर्भ में, निदेशकों के अयोग्यता के संबंध में अधिनियम की धारा 164(2) के प्रावधान, एक सरकारी कंपनी होने के नाते, कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

   (र) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की संचालन प्रभावशीलता के संदर्भ में, **''अनुलग्नक-सी''** में हमारी अलग रिपोर्ट देखें।

4. संशोधित अधिनियम की धारा 197(16) की आवश्यकताओं के अनुसार लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में :

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की अधिसूचना संख्या जी.एस.आर. 463(ई) दिनांक 5 जून 2015 के संदर्भ में, प्रबंधकीय पारिश्रमिक से संबंधित अधिनियम की अनुसूची ट के साथ पठित धारा 197 के प्रावधान, एक सरकारी कंपनी होने के नाते कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

5. कंपनी (लेखापरीक्षा व लेखा परीक्षक) संशोधन नियम, 2021 के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षा की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसारः

i. कंपनी ने वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित कार्यवाही के प्रभाव का खुलासा किया है। वित्तीय विवरणों के नोट नं. 20.1 (बी), (सी),(डी),(ई) और नोट 35 (जी) देखें।

ii. कंपनी ने लागू कानून या लेखा मानकों के तहत आवश्यक, व्युत्पन्न अनुबंधों सहित दीर्घकालिक अनुबंधों पर, यदि कोई हो, भौतिक पूर्वानुमानित नुकसान के लिए प्रावधान किया है।

iii. ऐसी कोई राशि नहीं थी जिसे कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में स्थानांतरित करने की आवश्यकता थी।

iv. (अ) निदेशक मंडल ने यह दर्शाया है कि, अपने सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, खातों के नोट्स में प्रकट किए गए के खुलासे अलावा, कंपनी द्वारा विदेशी संस्थाओं (मध्यस्थों) सहित किसी भी अन्य व्यक्तियों या इकाईयों को कोई भी धनराशि अग्रिम या उधार या निवेश नहीं की गई है (या तो उधार ली गई धनराशि या शेयर प्रीमियम या किसी अन्य स्रोत या किसी प्रकार की धनराशि से) इस समझ के साथ कि यह लिखित रूप में या अन्यथा दर्ज किया गया है, कि मध्यस्थ, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, कंपनी (अंतिम लाभार्थियों) द्वारा या उसकी ओर से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं को किसी भी तरीके से उधार देगा या निवेश करेगा या अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या ऐसी ही कोई चीज प्रदान करना ।

(ब) निदेशक मंडल ने यह दर्शाया है कि, अपने सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, खातों के नोट्स में प्रकट किए गए के खुलासे अलावा, कंपनी को विदेशी संस्थाओं (फंडिंग पार्टियों) सहित किसी भी व्यक्तियों या इकाईयों से कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुई है, चाहे वह लिखित रूप में दर्ज की गई हो या अन्यथा, कि कंपनी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अंतिम लाभार्थियों द्वारा या उनकी ओर से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं को किसी भी तरह से उधार देगी या निवेश करेगी; और

(स) ऐसी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर हमने परिस्थितियों में उचित और उपयुक्त माना है, हमारे संज्ञान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है जिससे हमें यह विश्वास हो कि उप–धारा (ए) और (बी) के तहत प्रतिनिधित्व में कोई महत्वपूर्ण गलतबयान है;

v. कंपनी ने वर्ष के दौरान न तो कोई लाभांश घोषित किया है और न ही कोई लाभांश दिया है।

vi. कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 3(1) के प्राधान कंपनी के लिए 1 अप्रैल, 2023 से लागू हैं, इसके अंतर्गत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

**कृतेः वाई. चतुर्वेदी एण्ड कंपनी**
सनदी लेखाकार
(फर्म रजि.नं. 001912C)

हस्ताक्षरित
**( अविनाश खंडेलवाल )**
साझेदार
सदस्यता संख्याः 078797
**यूडीआईएन : 23078797BHADGF4880**

स्थान : जयपुर
दिनांक : 16.08.2023

# स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का संदर्भित अनुलग्नक-ए, राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड के सदस्यों के लिए 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों पर समदिनांक तक पर

**(हमारी ऑडिट रिपोर्ट के ''अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट'' धारा के पैराग्राफ 1 में संदर्भित)**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(11) के संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2020 की आवश्यकता के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि :

(i) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के संबंध में :

(अ) (अ) कंपनी ने आम तौर पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मात्रात्मक विवरण और स्थिति सहित पूर्ण विवरण दिखाने वाले उचित रिकॉर्ड बनाए रखे हैं।

(ब) कंपनी ने आम तौर पर अमूर्त परिसंपत्तियों का पूरा विवरण दिखाने वाले उचित रिकॉर्ड बनाए रखे हैं।

(ब) प्रबंधन द्वारा वर्ष के दौरान उचित अंतराल पर परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण का भौतिक सत्यापन किया गया है और ऐसे भौतिक सत्यापन पर कोई महत्वपूर्ण विसंगतियां नहीं पाई गईं।

(स) प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और वित्तीय विवरणों में बताई गई अचल संपत्तियों के स्वामित्व विलेख की प्रति की हमारी जांच के आधार पर कंपनी के नाम पर रखी गई है। हालांकि बताया गया है कि कंपनी द्वारा लिए गए ऋण के मूल कागजात बैंक में पड़े हैं।

(द) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने वर्ष के दौरान अपनी परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त संपत्ति का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया है।

(य) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम, 88 यथासंशोधित और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत किसी भी बेनामी संपत्ति को रखने के लिए 31 मार्च, 2023 तक कंपनी के खिलाफ वर्ष के दौरान कोई कार्यवाही शुरू नहीं की गई या लंबित नहीं है।

(ii) इन्वेंट्री के संबंध में :

अ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, प्रबंधन द्वारा वर्ष के दौरान उचित अंतराल पर इन्वेंट्री का भौतिक सत्यापन किया गया है। इन्वेंट्री के प्रत्येक वर्ग के कुल योग में 10% या उससे अधिक की कोई विसंगति नहीं देखी गई।

(ब) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी को चालू परिसंपत्तियों की प्राथमिक सुरक्षा के आधार पर वर्ष के दौरान बैंक से 25 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजी सीमा स्वीकृत की गई है। वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा ऐसे बैंक के साथ आवश्यक त्रैमासिक रिटर्न या विवरण दाखिल किए गए हैं।

(iii) ऋण के संबंध में :

हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने वर्ष के दौरान अन्य पार्टियों में निवेश नहीं किया है और ऋण के रुप में अग्रिम राशि हीं दी है। कंपनी ने वर्ष के दौरान कंपनियों, फर्मों या सीमित देयता भागीदारी और अन्य पार्टियों को कोई गारंटी या प्रतिभूतियां प्रदान नहीं की हैं, न ही ऋण की प्रकृति में ऋण और अग्रिम प्रदान किए हैं, जिनका विवरण नीचे दिया गया है;

(अ) (अ) हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान ऋण के रूप में कोई ऋण या अग्रिम प्रदान नहीं किया है या सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों को कोई गारंटी या सुरक्षा प्रदान नहीं की है।

(ब) हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान किसी भी अन्य पार्टी या कर्मचारियों को ऋण के रूप में अग्रिम राशि नहीं दी है। कंपनी ने वर्ष के दौरान अन्य पार्टियों को कोई गारंटी या सुरक्षा प्रदान नहीं की है।

(ब) कंपनी ने निवेश नहीं किया है, अग्रिम अनुदान या ऋण नहीं

दिया है और उसके संबंध में गारंटी नहीं दी है, आदेश की धारा (iii) (ब), (स) (द) (य) और (ह) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं और इसलिए टिप्पणी नहीं की गई।

(iv) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, ऋण, निवेश, गारंटी और प्रतिभूतियों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 और 186 के प्रावधानों का सभी भौतिक पहलुओं में अनुपालन किया गया है।

(v) प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों तथा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी को ग्राहकों से 17655778/– रुपये की राशि का अग्रिम प्राप्त हुई है, जो 365 दिनों से अधिक समय से बकाया है। ऐसे अग्रिमों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 और कंपनी (जमा की स्वीकृति) नियम, 2014 के नियम 2(1)(स) के अनुसार जमा माना जाता है।

(vi) लागत रिकॉर्ड के संबंध में :

हमें सूचित किया गया है कि कंपनी द्वारा बनाए गए खाते की किताबें, बिजली के सामान और इलेक्ट्रिक मशीनरी के निर्माण से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(1) के तहत लागत रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार हैं और उनकी राय है कि प्रथम दृष्टया, निर्धारित लागत रिकॉर्ड बनाए रखा गया है। हालांकि, हमने यह निर्धारित करने की दृष्टि से अभिलेखों की विस्तृत जांच नहीं की है कि वे सटीक और पूर्ण हैं या नहीं। हम हमें प्रदान की गई जानकारी और पिछले वर्ष के लिए लागत लेखा परीक्षक द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर रिपोर्टिंग कर रहे हैं।

(vii) सांविधिक बकाया के संबंध में:

अ. कंपनी आम तौर पर भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, सेवा कर, आयकर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य वर्धित कर, माल और सेवा कर, उपकर और किसी भी अन्य वैधानिक बकाया सहित निर्विवाद वैधानिक बकाया राशि जमा करने में नियमित है, जैसा कि कंपनी पर लागू खाते की पुस्तकों में दर्ज है। इसके अलावा, इसके संबंध में देय कोई भी निर्विवाद राशि वर्ष के अंत में देय होने की तारीख से छह महीने से अधिक की अवधि के लिए बकाया नहीं थी सिवाय इसके :

1) निर्यात दायित्व के विरुद्ध देय सीमा शुल्क 46.28 लाख रुपये है। यह स्पष्ट किया गया कि इस संबंध में किसी भी प्राधिकारी द्वारा कोई मांग जारी नहीं की गई थी।

ब. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, आयकर, सेवा कर, उत्पाद शुल्क, मूल्य वर्धित कर, सीमा शुल्क और वस्तु एवं सेवा कर का कोई बकाया नहीं है जिसे निम्नलिखित को छोड़कर किसी विवाद के कारण जमा नहीं किया गया है :

| **अधिनियम का नाम** | **देय का प्रकार** | **विवादित राशि (लाख रु. में)** | **राशि से संबंधित अवधि** | **फोरम जहां विवाद लंबित है** |
|---|---|---|---|---|
| केंन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम | सेवाकर | 3.82 | वित्तीय वर्ष 2009–10 (24.07.12 के आदेश द्वारा) | CESTAT (कस्टम एक्साइज एंड सर्विस टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल) |
| सीजीएसटी अधिनियम | जीएसटी | 238.45 | वित्तीय वर्ष 2019–20 | आयुक्त (अपील) सीजीएसटी |

(viii) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने वर्ष के दौरान आय के रूप में आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कर निर्धारण में किसी भी लेनदेन को सरेंडर या खुलासा नहीं किया है, जो पहले खातों की पुस्तकों में आय के रूप में दर्ज नहीं था।

(ix) बकाया राशि के पुनर्भुगतान के संबंध में :

(अ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने किसी भी ऋणदाता को बकाया चुकाने में चूक नहीं की है।

(ब) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी को किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान या अन्य ऋणदाता द्वारा जानबूझकर चूककर्त्ता घोषित नहीं किया गया है।

(स) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने कोई सावधि ऋण नहीं लिया है। इसलिए धारा (ix) (स) कंपनी पर लागू नहीं होती है।

(द) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, अल्पकालिक आधार पर जुटाई गई किसी भी धनराशि का उपयोग कंपनी के दीर्घावधि उद्देश्यों के लिए नहीं किया

गया है।

(य) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने अपनी सहायक कंपनियों, सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों के दायित्व को पूरा करने के लिए किसी इकाई या व्यक्ति से कोई धनराशि नहीं ली है।

(र) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने अपनी सहायक कंपनियों, सहयोगियों या संयुक्त उद्यमों में रखी प्रतिभूतियों को गिरवी रखकर वर्ष के दौरान कोई ऋण नहीं लिया है।

(x) (अ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव या आगे के सार्वजनिक प्रस्ताव (ऋण उपकरणों सहित) या सावधि ऋण के माध्यम से धन नहीं जुटाया है और इसलिए आदेश के अनुच्छेद 3(x)(अ) के तहत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं होती है।

(ब) वर्ष के दौरान कंपनी ने शेयरों या पूर्ण या आंशिक रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर का कोई तरजीही आवंटन या निजी प्लेसमेंट नहीं किया है और इसलिए आदेश के पैराग्राफ 3(x)(ब) के तहत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं होती है।

(xi) (अ) हमारे सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, वर्ष के दौरान हमें न तो कंपनी द्वारा या कंपनी के अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा कंपनी पर सामग्री धोखाधड़ी का कोई मामला मिला है, न ही रिपोर्ट किया गया है और न ही हमें प्रबंधन द्वारा ऐसे किसी मामले के बारे में सूचित किया गया है।

(ब) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, अधिनियम की धारा 143 की उप–धारा (12) के तहत कोई रिपोर्ट हमारे द्वारा केंद्र सरकार के साथ कंपनी (ऑडिट और ऑडिटर्स) नियम 2014 के नियम 13 के तहत निर्धारित फॉर्म एडीटी–4 में दायर नहीं की गई है।

(स) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी की व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी के तहत कंपनी को कोई मामला प्राप्त नहीं हुआ है।

(xii) निधि कंपनी के संबंध में :

कंपनी कोई निधि कंपनी नहीं है। इसलिए, यह धारा कंपनी पर लागू नहीं होती है।

(xiii) संबंधित पार्टियों के संबंध में :

संबंधित पार्टियों के साथ सभी लेनदेन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 और 177 के अनुपालन में हैं, जहां लागू हो और विवरण लागू लेखांकन मानकों के अनुसार वित्तीय विवरण आदि में खुलासा किया गया है।

(xiv)(अ) हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण के आधार पर और हमारी ऑडिट प्रक्रियाओं के आधार पर, ऐसा प्रतीत होता है कि कंपनी के पास आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली है, लेकिन यह उसके आकार और व्यवसाय की प्रकृति के अनुसार नहीं है और इसे मजबूत करने की आवश्यकता है।

(ब) हमें वर्ष 2022–23 के लिए कंपनी की आंतरिक ऑडिट रिपोर्ट प्रदान की गई है और उस पर विचार किया है।

(xv) निदेशकों के साथ गैर–नकद लेनदेन के संबंध में:

हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कपनी ने निदेशकों या उनसे जुड़े व्यक्तियों के साथ कोई गैर–नकदी लेनदेन नहीं किया है और इसलिए कंपनी अधिनियम की धारा 192 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(xvi)(अ) कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 934 की धारा 45–आईए के तहत पंजीकृत किये जाने की आवश्यकता नहीं है। इसलिए आदेश के पैराग्राफ 3 के खंड (xvi) (ए), (बी), (सी) और (डी) कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(xvii) कंपनी को वित्तीय वर्ष के साथ–साथ ठीक पिछले वित्तीय वर्ष में भी नकद घाटा हुआ है। चालू वित्तीय वर्ष में नकद हानि 1477.28 लाख रुपये है और पिछले वित्तीय वर्ष में नकद हानि 559.54 लाख रुपये थी।

(xviii) वर्ष के दौरान वैधानिक लेखा परीक्षकों का कोई इस्तीफा नहीं हुआ है। तदनुसार, आदेश की धारा 3 (xviii) लागू नहीं होता है।

(xix) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और वित्तीय राशन के आधार पर, वित्तीय परिसंपत्तियों की वसूली और वित्तीय देनदारियों के भुगतान की बढ़ती और अपेक्षित तारीखें, वित्तीय विवरणों के साथ जूड़ी अन्य जानकारी, निदेशक मंडल और प्रबंधन योजनाओं के बारे में हमारा ज्ञान और प्रासंगिक

साक्ष्य की हमारी जांच के आधार पर, हमारे ध्यान में कुछ भी नहीं आया है, जो हमें यह विश्वास दिलाने के लिए कि ऑडिट रिपोर्ट की तारीख पर कोई भी भौतिक अनिश्चितता मौजूद है कि कंपनी तुलन पत्र की तारीख पर मौजूद अपनी देनदारियों को पूरा करने में सक्षम नहीं है, जब भी वे तुलन पत्र से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय होते हैं। हालांकि, हम कहते हैं कि यह कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता के रूप में कोई आश्वासन नहीं है। हम आगे बताते हैं कि हमारी रिपोर्टिंग ऑडिट रिपोर्ट की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय सभी देनदारियां कंपनी द्वारा भुगतान किए जाने पर चुकाई जाएंगी।

(xx) कंपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) के संबंध में धारा 135 के मानदंडों को पूरा नहीं करती है, इसलिए धारा (XX) (ए) और (बी) कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(xxi) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल कंपनी आदेश (ऑडिटर रिपोर्ट) (CARO) रिपोर्ट में संबंधित लेखा परीक्षक द्वारा कोई योग्यता या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

**कृतेः वाई. चतुर्वेदी एण्ड कंपनी**
सनदी लेखाकार
(फर्म रजि.नं. 001912C)

हस्ताक्षरित
**( अविनाश खंडेलवाल )**
साझेदार
सदस्यता संख्याः 078797
**यूडीआईएन : 23078797BHADGF4880**

स्थान : जयपुर
दिनांक : 16.08.2023

# स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का संदर्भित अनुलग्नक-बी, राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड के सदस्यों के लिए 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों पर समदिनांक तक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देश, 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड के वार्षिक लेखों की लेखापरीक्षा के दौरान सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा जांच किए जाने वाले क्षेत्रों को इंगित करते हैंः–

| क्र.स. | निर्देश | कार्रवाई की गई | इंड एएस वित्तीय विवरणों पर प्रभाव |
|---|---|---|---|
| 1 | क्या कंपनी के पास आई.टी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेनों को संचालित करने की प्रणाली है ? यदि हां, तो आई.टी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेनदेन के संव्यवहारो के वित्तीय निहीतार्थ के साथ–साथ ऐसे लेखों की सत्यनिष्ठता यदि कोई हों, तो स्पष्ट करे। | की गई लेखापरीक्षा प्रक्रियाओ के आधार पर और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, किसी भी लेखांकन लेनदेन को आई.टी प्रणाली के बाहर संसाधित/किया नहीं गया है सिवाय इसके कि लेखांकन सॉफ्टवेयर और इन्वेंटरी सॉफ्टवेयर गैर–एकीकृत हैं। हालांकि, खातों की सत्यनिष्ठता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। | कुछ नहीं |
| 2 | क्या कंपनी द्वारा ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण किसी ऋणदाता द्वारा मौजूद ऋण का कोई पुनर्गठन या ऋण/ऋण/ब्याज आदि की माफीध्बट्टे खाते में डालने का कोई मामला है? यदि हां तो उसके वित्तीय प्रभाव को स्पष्ट करें। क्या ऐसे मामलों का ठीक से हिसाब–किताब किया गया है ? (यदि ऋणदाता एक सरकारी कंपनी है, तो यह निर्देश ऋणदाता कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षक के लिए भी लागू होता है) | की गई लेखापरीक्षा प्रक्रियाओ के आधार पर और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी द्वारा ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण ऋणदाता द्वारा मौजूदा ऋणों का कोई पुनर्गठन या ऋणध्ऋणध्ब्याज आदि की माफी/बट्टे खाते में डालने के मामले नहीं थे। | कुछ नहीं |
| 3 | क्या केंद्र/राज्य सरकार या इसकी एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्य धनराशि (अनुदान/सब्सिडी आदि) का इसके नियम और शर्तों के अनुसार उचित रूप से हिसाबध्उपयोग किया गया था ? विचलित मामलों को सूचीबद्ध करिये। | की गई लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं के आधार पर, यह देखा गया कि कंपनी ने प्राधिकरण द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार धन का हिसाब/उपयोग किया है। | कुछ नहीं |

**कृतेः वाई. चतुर्वेदी एण्ड कंपनी**
सनदी लेखाकार
(फर्म रजि.नं. 001912C)

हस्ताक्षरित
**( अविनाश खंडेलवाल )**
साझेदार
सदस्यता संख्याः 078797

स्थान : जयपुर
दिनांक : 16.08.2023

**यूडीआईएन : 23078797BHADGF4880**

# स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का संदर्भित अनुलग्नक-सी, राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड के सदस्यों के लिए 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों पर समदिनांक तक

## कंपनी अधिनियम 2013 ( ''अधिनियम'' ) की धारा 143 की उप-धारा 3 के खंड ( i ) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट

हमने 31 मार्च 2023 तक राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड (कंपनी) की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का लेखा परीक्षण किया है, साथ ही उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा भी की है।

**आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी**

कंपनी का प्रबंधन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ("ICAI") द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा (''मार्गदर्शन नोट'') में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है जो कंपनी के व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, जिसमें कंपनी की नीतियों का पालन, इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी की रोकथाम और पता लगाना, त्रुटियां, लेखा रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता तथा विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी का पता लगाना शामिल है, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत आवश्यक है।

**लेखा परीक्षक की जिम्मेदारी**

हमारी जिम्मेदारी, हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आतंरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक राय व्यक्त करना है। हमने वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के ऑडिट पर (''मार्गदर्शन नोट'') और ICAI द्वारा जारी ऑडिटिंग मानकों के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत निर्धारित माने जाने के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा की है, आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के लिए लागू होने वाली सीमा तक, दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर लागू होते हैं और, दोनों ही इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी किए जाते हैं। उन मानकों और मार्गदर्शन नोट के लिए आवश्यक है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें और उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षा की योजना बनाएं और निष्पादित करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और बनाए रखा गया था और क्या ऐसे नियंत्रण सभी वस्तुगत मामलों में प्रभावी ढंग से संचालित होते हैं।

हमारे लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग और उनकी परिचालन प्रभावशीलता पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाएं निष्पादन करना शामिल है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, भौतिक कमजोरी, मौजूद जोखिम का आकलन करना और मूल्यांकन किए गए जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल्यांकन करना शामिल है। चयनित प्रक्रियाएँ लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं, जिसमें वित्तीय विवरणों के भौतिक गलतबयानी के जोखिमों का आकलन भी शामिल है, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो।

हमारा मानना है कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखापरीक्षा राय के लिए एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

**वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अभिप्राय**

वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और बाहरी उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई एक प्रक्रिया है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं जो:

1) रिकॉर्ड के रखरखाव से संबंधित है, जो उचित विवरण में, कंपनी की परिसंपत्तियों के लेनदेन और स्वभाव को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाता है;
2) उचित आश्वासन प्रदान करना कि आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार की अनुमति देने के लिए लेनदेन आवश्यक रूप से दर्ज किया जाता हैं और कंपनी की प्राप्तियां और व्यय केवल कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकरणों के अनुसार किए जा रहे हैं; तथा

3) कंपनी की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, या निपटान की रोकथाम या समय पर पता लगाने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करना, जिसका वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।

**वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएँ**

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, जिसमें मिलीभगत या अनुचित प्रबंधन द्वारा नियंत्रणों को ओवरराइड करने की संभावना भी शामिल है, त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण महत्वपूर्ण गलतबयानी हो सकती है और उसका पता नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा, भविष्य की अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अधीन हैं कि स्थितियों में बदलाव के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकता है, या कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का स्तर बिगड़ सकता है।

**साक्षेप राय का आधार**

हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण और हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर, 31 मार्च, 2023 तक वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता में निम्नलिखित भौतिक कमजोरियों की पहचान की गई है :

**(अ) व्यवसाय के आकार, प्रकृति और जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए, कंपनी के वित्तीय विवरणों की समय–समय पर समीक्षा के साथ–साथ कंपनी की आंतरिक लेखापरीक्षा को मजबूत करने की आवश्यकता है।**

**(ब) कंपनी के पास माल की आवाजाही के संबंध में उचित आंतरिक नियंत्रण प्रणाली नहीं है जो दर्शाता है कि माल जारी करने और प्राप्त करने तथा समय–समय पर व्यापार प्राप्य और व्यापार देय से बाहरी पुष्टि प्राप्त करने पर आंतरिक नियंत्रण का अभाव है। वर्ष के दौरान कंपनी ने व्यापार प्राप्तियों और व्यापार देय के लिए खाता विवरण जारी किया था, हालांकि इसकी पुष्टि उनके द्वारा नहीं की गई थी। इसलिए, हम इस प्रणाली की परिचालन प्रभावशीलता पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।**

**(स) कंपनी को 'रीको के औद्योगिक क्षेत्रों के लिए, भू–स्थानिक ड्रोन सर्वेक्षण और विकास, कार्यान्वयन और रखरखाव के लिए भू–स्थानिक समाधान का संचालन', खरीद से संबंधित सीवीसी दिशानिर्देशों के साथ पढ़ी गई खरीद नीति का पालन किए बिना 28.11 करोड़ रु का आदेश मिला है, अर्थात, जब खरीद सेवाओंध्कार्यों के लिए थी तब खुली निविदा का सहारा न लेना, खरीद के आकार की तुलना में निचले स्तर पर पात्रता मानदंड निर्धारित करना, लागत अनुमान तैयार न करना और पैसे के लिए मूल्य का आकलन न करना, और तकनीकी वाणिज्यिक बोलियां (मूल्य बोलियां) आमंत्रित करना ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल के बजाय ईमेल का उपयोग करना जिसका रिपोर्टिंग पर प्रभाव पड़ सकता है लेकिन प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सकता है।**

'भौतिक कमजोरी' वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में एक कमी या कमियों का एक संयोजन है, ऐसी उचित संभावना है कि कंपनी के वार्षिक या अंतरिम वित्तीय विवरणों के गलत विवरण को समय पर रोका या पता नहीं लगाया जा सकेगा।

**साक्षेप राय**

हमारी राय में, कंपनी ने सभी भौतिक मामलों में, 31 मार्च, 2023 तक वित्तीय रिपोर्टिंग पर इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के ऑडिट पर मार्गदर्शन नोट के अनुसार पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण बनाए रखा है, जो कंपनी द्वारा स्थापित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर है।

हमने कंपनी के 31 मार्च, 2023 के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में लागू लेखापरीक्षा परीक्षणों की प्रकृति, समय और सीमा का निर्धारण करने में ऊपर पहचानी गई और रिपोर्ट की गई भौतिक कमजोरियों पर विचार किया है और ये भौतिक कमजोरियां कंपनी के वित्तीय विवरणों पर हमारी राय को प्रभावित नहीं करती हैं।

**कृतेः वाई. चतुर्वेदी एण्ड कंपनी**
सनदी लेखाकार
(फर्म रजि.नं. 001912C)

हस्ताक्षरित
**( अविनाश खंडेलवाल )**
साझेदार
सदस्यता संख्याः 078797
**यूडीआईएन : 23078797BHADGF4880**

स्थान : जयपुर
दिनांक : 16.08.2023

# अनुपालना प्रमाण पत्र

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा जारी दिशा–निर्देशों/उप–निदेशों के अनुसार 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड के खातों की लेखापरीक्षा की है और प्रमाणित करते हैं कि हमने हमें जारी किए गए सभी निदेशों/उप–निदेशों का अनुपालन किया है।

**कृतेः वाई. चतुर्वेदी एण्ड कंपनी**
सनदी लेखाकार
(फर्म रजि.नं. 001912C)

हस्ताक्षरित
**( अविनाश खंडेलवाल )**
साझेदार
सदस्यता संख्याः 078797
**यूडीआईएन : 23078797BHADGF4880**

स्थान : जयपुर
दिनांक : 16.08.2023

# तुलन पत्र
# 31 मार्च, 2023 को

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

| विवरण | नोट्स | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|---|
| **परिसंपत्तियां** | | | |
| I. **गैर-चालू परिसंपत्तियां** | | | |
| (अ) परिसंपत्ति, प्लांट तथा उपकरण | 4 | 2,880.43 | 3,064.17 |
| (ब) पूंजीगत कार्य प्रगति पर | 4 | - | - |
| (स) निवेश परिसंपत्ति | | - | - |
| (द) साख | | - | - |
| (य) अन्य अमूर्त परिसंपत्तियां | | | |
| (i) तकनीकी जानकारी | 5 | - | - |
| (र) अमूर्त परिसंपत्तियां विकास के तहत | | - | - |
| (ह) अन्य जैविक परिसंपत्तियां वाहक प्लांट के अलावा | | - | - |
| (ल) वित्तीय परिसंपत्तियां | | | |
| (i) निवेश | | - | - |
| (ii) व्यापार प्राप्तियां | 6 | 149.02 | 191.56 |
| (iii) ऋण | | - | - |
| (iv) आस्थगित कर परिसंपत्तियां (शुद्ध) | 8 | 174.10 | 1,548.23 |
| (v) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां | 9ए | 2,213.23 | 188.01 |
| (vi) अन्य गैर चालू परिसंपत्तियां | 12ए | - | 0.58 |
| **कुल गैर चालू परिसंपत्तियां** | | **5,416.78** | **4,992.55** |
| II. चालू परिसंपत्तियां | | | |
| (अ) माल सूची | 10 | 2,074.80 | 2,125.19 |
| (ब) वित्तीय परिसंपत्तियां | | | |
| (i) निवेश | | - | - |
| (ii) व्यापार प्राप्तियां | 7 | 16,515.03 | 15,630.88 |
| (iii) नकद व नकद समतुल्य | 11 | 1,358.61 | 1,550.46 |
| (iv) बैंक शेष उपरोक्त (iii) को छोड़कर | 11ए | 196.52 | 251.69 |
| (v) ऋण | | - | - |
| (vi) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां | 9बी | 211.20 | 129.98 |
| (स) चालू कर परिसंपत्तियां | 13 | 267.07 | 529.07 |
| (द) अन्य चालू परिसंपत्तियां | 12ब | 319.19 | 451.13 |
| **कुल चालू परिसंपत्तियां** | | **20,942.42** | **20,668.40** |
| **कुल परिसंपत्तियां ( I + II )** | | **26,359.20** | **25,660.95** |
| **इक्विटी और दायित्व** | | | |
| I. **इक्विटी** | | | |
| (अ) इक्विटी शेयर पूंजी | 14 | 1,225.00 | 1,225.00 |
| (ब) अन्य इक्विटी | 15 | 5,060.54 | 6,069.39 |
| **कुल इक्विटी** | | **6,285.54** | **7,294.39** |
| **दायित्व** | | | |
| II. **गैर चालू दायित्व** | | | |
| (अ) वित्तीय दायित्व | | - | - |
| (i) उधारी | | - | - |
| (ii) लीज देनदारियां | | - | - |
| (iii) व्यापार देय | | - | - |
| (अ) सूक्ष्म और लघु उद्यम का कुल बकाया | 19ए | - | - |
| (ब) सूक्ष्म और लघु उद्यम के अलावा कुल बकाया | 19ए | 7.59 | 43.23 |
| (ब) प्रावधान | 17ए | 284.74 | 266.25 |
| (स) आस्थगित कर परिसंपत्तियां (शुद्ध) | | - | - |
| (द) अन्य गैर चालू दायित्व | 18ए | 264.33 | 243.91 |
| **कुल गैर चालू दायित्व** | | **556.66** | **553.39** |
| III. **चालू दायित्व** | | | |
| (अ) वित्तीय दायित्व | | | |
| (i) उधारी | | - | - |
| (ii) लीज देनदारियां | | - | - |
| (iii) व्यापार देय | | | |
| (अ) सूक्ष्म और लघु उद्यम के लेनदारों का कुल बकाया | 19बी | 2,979.81 | 2,628.20 |
| (ब) सूक्ष्म और लघु उद्यम के अलावा लेनदारों का कुल बकाया | 19बी | 11,993.06 | 11,787.19 |
| (iv) अन्य वित्तीय दायित्व | 16 | 444.87 | 395.18 |
| (ब) अन्य चालू दायित्व | 18ब | 2,964.03 | 2,036.39 |
| (स) प्रावधान | 17ब | 1,135.23 | 966.21 |
| **कुल चालू दायित्व** | | **19,517.00** | **17,813.17** |
| IV. **कुल दायित्व** (II + III) | | **20,073.66** | **18,366.56** |
| **कुल इक्विटी और दायित्व** (I + IV) | | **26,359.20** | **25,660.95** |

वित्तीय विवरणों के साथ नोट्स देखें (1–36)

**हमारी समसंख्यक तारीख की अलग रिपोर्ट के अनुसार।**

**कृते वाई. चतुर्वेदी एण्ड कंपनी**
**सनदी लेखाकार**
**FRN 001912C**
हस्ताक्षरित
**( अविनाश खंडेलवाल )**
**साझेदार**
**सदस्यता संख्या 078797**
**स्थान : जयपुर**
**दिनांक : 16.08.2023**
**यूडीआईएन : 23078797BHADGF4880**

**कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से**

हस्ताक्षरित
**( मनीष शुक्ला )**
**निदेशक**
**डीआईएन : 09648291**

हस्ताक्षरित
**( राकेश चौपड़ा )**
**प्रबन्ध निदेशक**
**डीआईएन : 08732688**

हस्ताक्षरित
**( अमित कुमार जैन )**
**कंपनी सचिव**

हस्ताक्षरित
**( सुभाष अग्रवाल )**
**मुख्य वित्तीय अधिकारी**

## लाभ-हानि विवरण
## 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

| विवरण | नोट्स | 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|
| I. परिचालन से राजस्व | 21 | 12,018.53 | 16,490.59 |
| II. अन्य आय | 22 | 118.44 | 170.56 |
| **III. कुल आय (I + II)** | | **12,136.97** | **16,661.15** |
| **IV. व्यय** | | | |
| उपभोग की गई सामग्री की लागत | 23 | 6,173.41 | 9,905.82 |
| व्यपार में स्टॉक की खरीद | | - | - |
| तैयार माल की मालसूची में परिवर्तन | 24 | 184.36 | 461.63 |
| कर्मचारी लाभ व्यय | 25 | 3,343.46 | 3,418.63 |
| वित्त लागत | 26 | 86.57 | 60.76 |
| मूल्हास क्षति और परिशोधन व्यय | 27 | 192.64 | 189.31 |
| अन्य व्यय | 28 | 3,826.45 | 3,373.85 |
| **कुल खर्चे** | | **13,806.89** | **17,410.00** |
| **V. अपवादात्मक मदों से पहले लाभ / ( हानि ) और कर (III-IV)** | | **(1,669.92)** | **(748.85)** |
| VI. जोड़े : अपवादात्मक मद | | - | - |
| **VII. अपवादात्मक मदों से पहले लाभ / ( हानि ) और कर** | | **(1,669.92)** | **(748.85)** |
| **VIII. घटायें : कर व्यय** | 29 | | |
| 1. वर्तमान कर | | - | - |
| 2. प्रावधान बदलाव | | - | - |
| 3. आस्थगित कर | 29.1 | (663.86) | 97.39 |
| **कुल कर खर्चे** | | **(663.86)** | **97.39** |
| **IX. निरंतर परिचालन से अवधि के लिए लाभ / ( हानि ) ( VII - VIII )** | | **(1,006.06)** | **(846.24)** |
| X. **बंद परिचालन से लाभ / ( हानि )** | | - | - |
| XI. **बंद संचालन से कर खर्चे** | | - | - |
| XII. **बंद परिचालन से लाभ / ( हानि ) ( कर पश्चात ) ( X - XI )** | | - | - |
| XIII. **अवधि के लिए लाभ / ( हानि ) ( IX + XII )** | | **(1,006.06)** | **(846.24)** |
| XIV. **अन्य व्यापक आय** | | - | - |
| अ (i) वे मदें जिन्हें लाभ या हानि के लिए पुनः वर्गीकृत नहीं किया जायेगा | | - | - |
| (अ) परिभाषित लाभ योजनाओं का पुनः मूल्यांकन | 31.2 | (3.93) | 45.02 |
| ब (i) आयकर से संबंधित मदें जिनको लाभ या हानि के लिए पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा | 29.2 | 1.14 | (13.11) |
| **कुल अन्य व्यापक आय (XIV=अ (i)+ब(i))** | | **(2.79)** | **31.91** |
| XV. **वर्ष के लिए कुल व्यापक आय (XIII+XIV)** | | **(1,008.85)** | **(814.33)** |
| XVI. **प्रति इक्विटी शेयर आय** | | | |
| (1) मूल (रुपये में) | 30 | (8.21) | (6.91) |
| (2) तनुकृत (रुपये में) | | (8.21) | (6.91) |

वित्तीय विवरणों के साथ नोट्स देखें (1—36)

**हमारी समसंख्यक तारीख की अलग रिपोर्ट के अनुसार।**

**कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से**

**कृते वाई. चतुर्वेदी एण्ड कंपनी**
**सनदी लेखाकार**
**FRN 001912C**
हस्ताक्षरित
**( अविनाश खंडेलवाल )**
**साझेदार**
**सदस्यता संख्या 078797**
**स्थान : जयपुर**
**दिनांक : 16.08.2023**
**यूडीआईएन : 23078797BHADGF4880**

हस्ताक्षरित
**( मनीष शुक्ला )**
**निदेशक**
**डीआईएन : 09648291**

हस्ताक्षरित
**( राकेश चौपड़ा )**
**प्रबन्ध निदेशक**
**डीआईएन : 08732688**

हस्ताक्षरित
**( अमित कुमार जैन )**
**कंपनी सचिव**

हस्ताक्षरित
**( सुभाष अग्रवाल )**
**मुख्य वित्तीय अधिकारी**

# नकदी प्रवाह विवरण
## 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

| | विवरण | 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|
| अ. | **परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | |
| | वर्ष के लिए लाभ / (हानि) | (1,006.06) | (846.24) |
| | **समायोजन के लिए :** | | - |
| | आयकर खर्चे, लाभ या हानि में मान्यता प्राप्त | (663.86) | 97.39 |
| | डूबत के लिए प्रावधान | 204.78 | 148.21 |
| | परिसंपत्तियां हटाई गई | - | 5.50 |
| | वित्त लागत, लाभ या हानि में मान्यता प्राप्त | 86.57 | 60.76 |
| | ब्याज आय, लाभ या हानि में मान्यता प्राप्त | (98.13) | (162.01) |
| | मूल्यह्रास और परिशोधन | 192.64 | 189.31 |
| | अशोध्य ऋण / सब्सिडी प्राप्त डूबत खाते में डालने योग्य | 6.48 | 6.26 |
| | **कार्यशील पूंजी में परिवर्तन के पूर्व परिचालन से उत्पन्न नकद** | **(1,277.58)** | **(500.82)** |
| | कार्यशील पूंजी में बदलावः | | |
| | व्यापार प्राप्तियों में (वृद्धि) / घटौती | (1,052.87) | 1,842.05 |
| | अन्य परिसंपत्तियों में (वृद्धि) / घटौती | 125.78 | (189.39) |
| | मालसूची में (वृद्धि) / घटौती | 50.39 | 194.89 |
| | व्यापार देय में वृद्धि / (घटौती) | 521.84 | 197.93 |
| | प्रावधानों में वृद्धि / (घटौती) | 183.58 | 221.99 |
| | अन्य देय में वृद्धि / (घटौती) | 997.75 | (1,163.65) |
| | | **826.47** | **1,103.82** |
| | परिचालन से उत्पन्न नकद | (451.11) | 603.00 |
| | आयकर (भुगतान / प्राप्त रिफंड) | 256.60 | - |
| | **परिचालन गतिविधियों से उत्पन्न शुद्ध नकद** | **(194.51)** | **603.00** |
| ब. | **निवेश गतिविधियों से नकद प्रवाह** | | |
| | परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण के लिए भुगतान | (8.90) | (2.09) |
| | ब्याज आय | 98.13 | 143.24 |
| | **शुद्ध नकद ( प्रयोग में ली )/निवेश गतिविधियों से उत्पन्न** | **89.23** | **141.15** |
| स. | **वित्तीय गतिविधियों से नकद प्रवाह** | | |
| | वित्त लागत का भुगतान | (86.57) | (60.76) |
| | **शुद्ध ( प्रयोग मे ली )/वित्तपोषण गतिविधियों से उत्पन्न** | **(86.57)** | **(60.76)** |
| | **नकद तथा नकद समतुल्य में शुद्ध वृद्धि/( घटौती )** | (191.85) | 683.39 |
| | वर्ष के प्रारंभ में नकद एवं नकद समतुल्य* | 1,550.46 | 867.07 |
| | **वर्ष के अंत में नकद एवं नकद समतुल्य*** | **1,358.61** | **1,550.46** |

**नकद और नगद समतुल्यों का मिलान**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| नकदी प्रवाह विवरण के अनुसार नकद और नगद समतुल्य | 1,358.61 | 1,550.46 |
| अंतर | - | - |
| तुलन पत्र के अनुसार नकद और नकद समकक्ष (नोट संख्या 11 देखें) | 1,358.61 | 1,550.46 |

*नकद और नगद समतुल्य में नोट 11 के अनुसार अन्य बैंक शेष शामिल हैं।

1. उपरोक्त नकदी प्रवाह विवरण को ''अप्रत्यक्ष पद्धति'' के तैयार किया गया है, जैसा इंड एएस 7 ''नकद प्रवाही विवरण'' में निर्धारित है।
2. प्रस्तुति में एकरूपता के लिए जहां भी आवश्यक हो, पिछले वर्ष के आंकड़े पुनः समूहित किए गए है।
3. कोष्ठक ब्राह्य रोकड़ प्रवाह दर्शाता है।
4. नकद और नकद समुतल्य में 13.69 लाख रुपये का अनुदान शामिल है जो सामान्य व्यावसायिक कार्यो में उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं है।

वित्तीय विवरणों के साथ नोट्स देखें (1–36)

**हमारी समसंख्यक तारीख की अलग रिपोर्ट के अनुसार।**

**कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से**

**कृते वाई. चतुर्वेदी एण्ड कंपनी**
**सनदी लेखाकार**
**FRN 001912C**
हस्ताक्षरित
**( अविनाश खंडेलवाल )**
**साझेदार**
**सदस्यता संख्या 078797**
**स्थान : जयपुर**
**दिनांक : 16.08.2023**
**यूडीआईएन : 23078797BHADGF4880**

हस्ताक्षरित
**( मनीष शुक्ला )**
**निदेशक**
**डीआईएन : 09648291**

हस्ताक्षरित
**( राकेश चौपड़ा )**
**प्रबन्ध निदेशक**
**डीआईएन : 08732688**

हस्ताक्षरित
**( अमित कुमार जैन )**
**कंपनी सचिव**

हस्ताक्षरित
**( सुभाष अग्रवाल )**
**मुख्य वित्तीय अधिकारी**

# इक्विटी के परिवर्तनों का व्यक्तत्व

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

**अ. इक्विटी शेयर पूंजी**

**1. 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन का विवरण**

| पिछली रिपोटिंग अवधि की शुरुआत में शेष राशि | पूर्व अवधि की त्रुटियों के कारण इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन | पिछली रिपोटिंग अवधि की शुरुआत में पुनर्कथित शेष राशि | पिछले वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन | पिछली रिपोर्टिंग अवधि के अंत में शेष राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1,225.00 | - | - | - | 1,225.00 |

**2. 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन का विवरण**

| पिछली रिपोटिंग अवधि की शुरुआत में शेष राशि | पूर्व अवधि की त्रुटियों के कारण इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन | पिछली रिपोटिंग अवधि की शुरुआत में पुनर्कथित शेष राशि | पिछले वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन | पिछली रिपोर्टिंग अवधि के अंत में शेष राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1,225.00 | - | - | - | 1,225.00 |

वित्तीय विवरणों के साथ नोट्स देखें (1–36)

**हमारी समसंख्यक तारीख की अलग रिपोर्ट के अनुसार।**

**कृते वाई. चतुर्वेदी एण्ड कंपनी**
**सनदी लेखाकार**
**FRN 001912C**

हस्ताक्षरित
**( अविनाश खंडेलवाल )**
**साझेदार**
**सदस्यता संख्या 078797**
**स्थान : जयपुर**
**दिनांक : 16.08.2023**
**यूडीआईएन : 23078797BHADGF4880**

**कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से**

हस्ताक्षरित
**( मनीष शुक्ला )**
**निदेशक**
**डीआईएन : 09648291**

हस्ताक्षरित
**( राकेश चौपड़ा )**
**प्रबन्ध निदेशक**
**डीआईएन : 08732688**

हस्ताक्षरित
**( अमित कुमार जैन )**
**कंपनी सचिव**

हस्ताक्षरित
**( सुभाष अग्रवाल )**
**मुख्य वित्तीय अधिकारी**

**ब. अन्य इक्विटी**

**1. 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए अन्य इक्विटी में परिवर्तन का विवरण**

| | शेयर आवेदन राशि लंबित आवंटन | यौगिक वित्तीय साधनों का इक्विटी घटक | संचय और अधिशेष | | | | अन्य व्यापक आय के माध्यम से देनदार साधन | अन्य व्यापक आय के माध्यम से इक्विटी साधन | कैशफ्लो हेजेज का प्रभावी हिस्सा | पुनर्मूल्यांकन अधिशेष | विदेशी ऑपरेशन के वित्तीय विवरणों के अनुवाद पर विनिमय अंतर | अन्य व्यापक आय की अन्य मद | वारंट के खिलाफ पैसा प्राप्त हिस्सा | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूंजी संचय | प्रतिभूति प्रीमियम | अन्य संचय ( प्रकृति निर्दिष्ट करें ) | प्रतिधारित आय | | | | | | | | |
| | | | | | सामान्य संचय | | | | | | | ( शुद्ध परिभाषित लाभ योजना की पुर्नगणना ) | | |
| (अ) वर्तमान रिपोर्टिंग अवधि की शुरुआत में शेष राशि | | - | - | - | 5,973.45 | 308.59 | - | - | - | - | - | (212.65) | - | 6,069.39 |
| (ब) लेखांकन नीति या पूर्व अवधि की त्रुटियों में परिवर्तन | | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (स) वर्तमान रिपोर्टिंग अवधि की शुरुआत में पुनर्कथित शेष राशि | | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (द) चालू वर्ष के लिए कुल व्यापक आय | | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | (2.79) | - | (2.79) |
| (य) लाभांश | | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (र) प्रतिधारित आय में स्थानांतरण | | - | - | - | (1,000.00) | 1,000.00 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (ह) कोई अन्य परिवर्तन (निर्दिष्ट किया जाना है) वर्ष के लिए लाभ/हानि | | - | - | - | - | (1,006.06) | - | - | - | - | - | - | - | (1,006.06) |
| (ल) वर्तमान रिपोर्टिंग अवधि में शेष | | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | | - | - | - | **4,973.45** | **302.53** | - | - | - | - | - | **(215.44)** | - | **5,060.54** |

वित्तीय विवरणों के साथ नोट्स देखें (1–36)

**2. 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए अन्य इक्विटी में परिवर्तन का विवरण**

| | शेयर आवेदन राशि लंबित आवंटन | यौगिक वित्तीय साधनों का इक्विटी घटक | संचय और अधिशेष | | | | अन्य व्यापक आय के माध्यम से देनदार साधन | अन्य व्यापक आय के माध्यम से इक्विटी साधन | कैशफ्लो हेजेज का प्रभावी हिस्सा | पुनर्मूल्यांकन अधिशेष | विदेशी ऑपरेशन के वित्तीय विवरणों के अनुवाद पर विनिमय अंतर | अन्य व्यापक आय की अन्य मद | वारंट के खिलाफ पैसा प्राप्त हिस्सा | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूंजी संचय | प्रतिभूति प्रीमियम | अन्य संचय ( प्रकृति निर्दिष्ट करें ) | प्रतिधारित आय | | | | | | | | |
| | | | | | सामान्य संचय | | | | | | | ( शुद्ध परिभाषित लाभ योजना की पुर्नगणना ) | | |
| (अ) वर्तमान रिपोर्टिंग अवधि की शुरुआत में शेष राशि | | - | - | - | 6,823.45 | 304.83 | - | - | - | - | - | (244.56) | - | 6,883.72 |
| (ब) लेखांकन नीति या पूर्व अवधि की त्रुटियों में परिवर्तन | | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (स) वर्तमान रिपोर्टिंग अवधि की शुरुआत में पुनर्कथित शेष राशि | | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (द) चालू वर्ष के लिए कुल व्यापक आय | | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 31.91 | - | 31.91 |
| (य) लाभांश | | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (र) प्रतिधारित आय में स्थानांतरण | | - | - | - | (850.00) | 850.00 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (ह) कोई अन्य परिवर्तन (निर्दिष्ट किया जाना है) वर्ष के लिए लाभ/हानि | | - | - | - | - | (846.24) | - | - | - | - | - | - | - | (846.24) |
| (ल) वर्तमान रिपोर्टिंग अवधि में शेष | | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | | - | - | - | **5,973.45** | **308.59** | - | - | - | - | - | **(212.65)** | - | **6,069.39** |

वित्तीय विवरणों के साथ नोट्स देखें (1–36)

**हमारी समसंख्यक तारीख की अलग रिपोर्ट के अनुसार।**

**कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से**

**कृते वाई. चतुर्वेदी एण्ड कंपनी**
**सनदी लेखाकार**
**FRN 001912C**
हस्ताक्षरित
**( अविनाश खंडेलवाल )**
**साझेदार**
**सदस्यता संख्या 078797**
**स्थान : जयपुर**
**दिनांक : 16.08.2023**
**यूडीआईएन : 23078797BHADGF4880**

हस्ताक्षरित
**( मनीष शुक्ला )**
**निदेशक**
**डीआईएन : 09648291**

हस्ताक्षरित
**( राकेश चौपड़ा )**
**प्रबन्ध निदेशक**
**डीआईएन : 08732688**

हस्ताक्षरित
**( अमित कुमार जैन )**
**कंपनी सचिव**

हस्ताक्षरित
**( सुभाष अग्रवाल )**
**मुख्य वित्तीय अधिकारी**

# 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का हिस्सा बनने वाली सामान्य सूचना और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

**1. सामान्य जानकारी**

राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रमेन्ट्स लिमिटेड, जयपुर (रील) भारत में निगमित और अधिवासित है, जिसका पंजीकृत कार्यालय 2, कनकपुरा औद्योगिक क्षेत्र, सिरसी रोड़, जयपुर में है। कंपनी भारत सरकार (51% हिस्सेदारी) और राजस्थान सरकार के बीच राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास और निवेश निगम लिमिटेड, जयपुर (रीको) के माध्यम से 49% की हिस्सेदारी के साथ एक संयुक्त उपक्रम है।

कंपनी की स्थापना 12 जून 1981 को हई थी और यह भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में आती है और एक मिनी रत्न पीएसयू है। रील पवन ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन में मामूली रुचि के साथ इलेक्ट्रॉनिक मिल्क एनेलाइजर और सौर ऊर्जा उपकरण के व्यवसाय में है।

**2. हाल की लेखा घोषणाएं**

कारपोरेट कार्य मंत्रालय (''एमसीए'') नए मानकों या मौजूदा मानकों में संशोधनों को अधिसूचित करता है। अधिसूचित किए गए संशोधन इस अवधि के दौरान कंपनी पर लागू नहीं होंगे। कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III की आवश्यकता के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार किए गए हैं और तदनुसार वित्तीय विवरणों में आंकड़े (राशि) को लाख रुपये में लिए गए हैं।

**3. महत्वपूर्ण लेखा नीतियां**

प्रमुख लेखा नीतियां नीचे निर्धारित की गई हैं:

**3.1 अनुपालन का विवरण**

वित्तीय विवरण समय–समय पर संशोधित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानक (''इंड एएस'') के अनुसार तैयार किए गए हैं।

**3.2 तैयारी और प्रस्तुति का आधार**

वित्तीय विवरण भारतीय लेखा मानकों ('इंड एएस') के अनुसार तैयार किए गए हैं, जिसमें समय–समय पर संशोधित कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत अधिसूचित नियम भी शामिल हैं।

निम्नलिखित परिसंपत्तियों और दायित्वों को छोड़कर, जिनकी उचित मूल्य पर गणना की गई है, वित्तीय विवरण ऐतिहासिक लागत के आधार पर तैयार किए गए हैं :

i. कुछ वित्तीय परिसंपत्तियां और दायित्व,

ii. परिभाषित लाभ योजनाएं – योजना परिसंपत्तियां

वित्तीय विवरण एक्रुअल और गोइंग कन्सर्न के आधार पर तैयार किए गए हैं। लेखांकन नीतियां वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत सभी अवधियों पर लगातार लागू होती हैं।

**वर्तमान और गैर-वर्तमान वर्गीकरण :** कंपनी वर्तमान/ गैर–वर्तमान वर्गीकरण के आधार पर परिसंपत्तियों और दायित्वों को तुलन पत्र में प्रस्तुत करती है।

किसी परिसंपत्ति को चालू तब माना जाता है जब वह –

i. सामान्य परिचालन चक्र में प्राप्त होने की उम्मीद है या बेचने या उपभोग करने का इरादा हैय

ii. मुख्य रूप से व्यापार के उद्देश्य से रखी हुई हैय

iii. रिपोर्टिंग अवधि के बाद बारह महीनों के भीतर वसूली होने की उम्मीद है, या

iv. नकद या नकद समतुल्य, जब तक कि रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम से कम बारह महीनों के लिए किसी दायित्व का निपटान करने के लिए विनिमय या उपयोग करने पर प्रतिबंध न हो।

अन्य सभी परिसंपत्तियों को गैर–वर्तमान के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

कोई दायित्व तब चालू होता है जब :

i. इसके सामान्य परिचालन चक्र में व्यवस्थित होने की उम्मीद है;

ii. यह मुख्य रूप से ट्रेडिंग के उद्देश्य से रखी हुई है;

iii. इसका निपटान रिपोर्टिंग अवधि के बाद बारह महीनों के भीतर किया जाना है, या

iv. रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम से कम बारह महीने के लिए दायित्व के निपटान को स्थगित करने का कोई बिना शर्त अधिकार नहीं है।

कंपनी अन्य सभी दायित्वों को गैर–चालू दायित्वों के रूप में वर्गीकृत करती है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों और दायित्वों को गैर–चालू परिसंपत्तियां और दायित्वों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**3.3 अनुमानों का उपयोग**

इंड एएस के अनुरूप वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए प्रबंधन को अनुमान, निर्णय और धारणा बनाने की आवश्यकता होती है। ये अनुमान, निर्णय और धारणाएं लेखांकन नीतियों के अनुप्रयोग और परिसंपत्तियों और दायित्वों की रिपोर्ट की गई मात्रा, वित्तीय विवरणों की तारीख पर आकस्मिक परिसंपत्तियों और दायित्वों के खुलासे और अवधि के दौरान राजस्व और व्यय की रिपोर्ट की गई मात्रा को प्रभावित करते हैं। उपयोग किए गए

प्रमुख लेखांकन अनुमानों को इन वित्तीय विवरणों में प्रासंगिक आय / व्यय औरध्या परिसंपत्ति / दायित्व मद के अंतर्गत वर्णित किया गया है। प्रबंधन का मानना है कि इन वित्तीय विवरणों की तैयारी में उपयोग किए गए अनुमान विवेकपूर्ण और उचित हैं। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं।

## 3.4 संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

कंपनी द्वारा अर्जित संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को अधिग्रहण लागत पर सूचित किया जाता है, जिसमें संचित मूल्यह्रास और क्षति हानि, यदि कोई हो, के लिए कटौती शामिल है। अधिग्रहण लागत में खरीद मूल्य (वापसी योग्य करों को छोड़कर) और व्यय, जैसे डिलीवरी और हैंडलिंग लागत, स्थापना, कानूनी सेवाएं और परामर्श सेवाएं शामिल हैं, जो सीधे संपत्ति को साइट पर लाने और इसके इच्छित उपयोग के लिए काम करने की स्थिति में सीधे जिम्मेदार हैं। बाद की लागतों को परिसंपत्ति की वहन राशि में शामिल किया जाता है, केवल तभी जब यह संभव हो कि वस्तु से जुड़े भविष्य के आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे और वस्तु की लागत की विश्वसनीय रुप से गणना की जा सकती है। अन्य सभी मरम्मत और रखरखाव का शुल्क उस अवधि के दौरान लाभ–हानि विवरण में दिखाया जाता है, जिसमें वे खर्च किए गए थे।

फ्री होल्ड जमीन मूल्यहास्ति नहीं हे। पट्टे की अवधि के दौरान पट्टे की भूमि का परिशोधन किया जाता है।

मूल्यह्रास को मान्यता दी जाती है ताकि कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II में निर्दिष्ट सीधी रेखा पद्धति का उपयोग करके उनके उपयोगी जीवन पर उनके अवशिष्ट मूल्यों को घटाकर लागत को बट्टे खाते में डाला जा सके। प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अनुमानित उपयोगी जीवन, अवशिष्ट मूल्यों और मूल्यह्रास पद्धति की समीक्षा की जाती है, जिसमें संभावित आधार पर अनुमान में किसी भी बदलाव के प्रभाव को शामिल किया जाता है। 5,000 रुपये या उससे कम लागत वाली संपत्ति खरीद के वर्ष में पूरी तरह से मूल्यह्रास हो जाती है। ।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की वस्तु को निपटान पर या जब संपत्ति के निरंतर उपयोग से भविष्य में कोई आर्थिक लाभ उत्पन्न होने की उम्मीद नहीं है, तो इसे अमान्य कर दिया जाता है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के किसी मद के निपटान या कार्यमुक्ति पर होने वाले किसी भी लाभ या हानि को बिक्री आय और परिसंपत्ति की वहन राशि के बीच अंतर के रूप में निर्धारित किया जाता है और लाभ–हानि विवरण में पहचाना जाता है।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण जो तुलन पत्र की तारीख तक इच्छित उपयोग के लिए तैयार नहीं हैं, उन्हें ''पूंजीगत कार्य–प्रगति पर'' के रूप में खुलासा किया गया है।

## 3.5 अमूर्त संपत्तियां

अमूर्त संपत्तियों को अधिग्रहण की लागत पर वसूली योग्य करों, व्यापार छूट और छूट को घटाकर संचित परिशोधन / कमी और हानि हानि, यदि कोई हो, के आधार पर बताया गया है। ऐसी लागत में खरीद मूल्य, उधार लेने की लागत और इच्छित उपयोग के लिए परिसंपत्ति को उसकी कार्यशील स्थिति में लाने के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार कोई भी लागत शामिल होती है।

बाद की लागतों को परिसंपत्ति की वहन राशि में शामिल किया जाता है या एक अलग परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है, जैसा उचित हो, केवल तभी जब यह संभव हो कि मद से जुड़े भविष्य के आर्थिक लाभ कंपनी को प्रवाहित होंगे और लागत गणना विश्वसनीय रूप से की जा सकती है।

अमूर्त संपत्तियों के उपयोगी जीवन का मूल्यांकन या तो सीमित या अनिश्चित के रूप में किया जाता है। परिमित–जीवन अमूर्त परिसंपत्तियों का परिशोधन उनके अपेक्षित उपयोगी जीवन की अवधि में सीधी रेखा के आधार पर किया जाता है।

एक पहचान योग्य अमूर्त संपत्ति का अनुमानित उपयोगी जीवन अप्रचलन, मांग, प्रतिस्पर्धा और अन्य आर्थिक कारकों (जैसे उद्योग की स्थिरता और ज्ञात तकनीकी प्रगति) और परिसंपत्ति से अपेक्षित भविष्य के नकदी प्रवाह को प्राप्त करने के लिए आवश्यक रखरखाव व्यय का स्तर सहित कई कारकों पर आधारित है।

प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में परिशोधन अवधि और परिमित–जीवन अमूर्त संपत्तियों के लिए परिशोधन विधि की समीक्षा की जाती है और यदि उपयुक्त हो तो संभावित रूप से समायोजित किया जाता है।

किसी अमूर्त परिसंपत्ति की अमान्यता से उत्पन्न होने वाले लाभ या हानि को शुद्ध निपटान आय और परिसंपत्ति की वहन राशि के बीच अंतर के रूप में गणना की जाती है और संपत्ति की मान्यता समाप्त होने पर लाभ–हानि विवरण में पहचाना जाता है।

अनुसंधान लागत व्यय के रूप में खर्च की जाती है। सॉफ्टवेयर उत्पाद विकास लागत तब तक खर्च की जाती है जब तक कि परियोजना की तकनीकी और वाणिज्यिक व्यवहार्यता प्रदर्शित नहीं की जाती है, भविष्य में आर्थिक लाभ संभावित हैं, कंपनी के पास सॉफ्टवेयर को पूरा करने और उपयोग करने या बेचने का इरादा और क्षमता है तथा लागत की विश्वसनीय रूप से गणना की जा सकती है। जिन लागतों को पूंजीकृत किया जा

सकता है उनमें सामग्री की लागत, प्रत्यक्ष श्रम, ओवरहैड लागत शामिल हैं जो सीधे तौर पर परिसंपत्ति को उसके इच्छित उपयोग के लिए तैयार करने के लिए जिम्मेदार हैं।

**3.6 साख के अलावा मूर्त और अमूर्त परिसंपत्तियों की क्षति**

प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में, कंपनी अपने संपत्ति, संयंत्र और उपकरण तथा अमूर्त संपत्तियों या परिसंपत्तियों के समूह, जिसे कैश जनरेटिंग यूनिट (सीजीयू) कहा जाता है, की वहन राशि की समीक्षा करती है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या कोई संकेत है कि उन परिसंपत्तियों की क्षति हानि का सामना करना पड़ा है। यदि ऐसा कोई संकेत मौजूद है, तो क्षति हानि (यदि कोई हो) की सीमा निर्धारित करने के लिए किसी परिसंपत्ति या सीजीयू की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाया गया है। जब किसी व्यक्तिगत परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाना संभव नहीं होता है, तो कंपनी उस सीजीयू की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाती है जिससे परिसंपत्ति संबंधित है।

क्षति हानि को लाभ–हानि विवरण में उस सीमा तक पहचाना जाता है, जब परिसंपत्ति की वहन राशि उसकी वसूली योग्य राशि से अधिक हो जाती है। वसूली योग्य राशि किसी परिसंपत्ति के निपटान की लागत और उपयोग में मूल्य को घटाकर उसके उचित से अधिक है। उपयोग में आने वाला मूल्य अनुमानित भविष्य के नकदी प्रवाह पर आधारित होता है, जिसे कर–पूर्व छूट दर का उपयोग करके उनके वर्तमान मूल्य पर छूट दी जाती है जो धन के समय मूल्य और परिसंपत्तियों के लिए विशिष्ट जोखिम के वर्तमान बाजार आकलन को दर्शाता है।

अनिश्चित उपयोगी जीवन वाली अमूर्त परिसंपत्तियों और उपयोग के लिए अभी तक उपलब्ध न होने वाली अमूर्त परिसंपत्तियों का हर वर्ष क्षति के लिए परीक्षण किया जाता है, या जब भी कोई संकेत मिलता है कि संपत्ति क्षतिग्रस्त हो सकती है।

पहले से मान्यता प्राप्त क्षति हानि को केवल तभी उलट किया जाता है जब पिछली क्षति हानि की पहचान के बाद से परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि निर्धारित करने के लिए उपयोग की जाने वाली धारणाओं में कोई बदलाव हुआ हो। उलटाव सीमित है ताकि परिसंपत्ति की वहन राशि इसकी वसूली योग्य राशि से अधिक न हो, न ही निर्धारित की गई वहन राशि से अधिक हो, मूल्यह्रास को छोड़कर, यदि पिछले वर्षों में परिसंपत्ति के लिए कोई क्षति हानि नहीं पहचानी गई थी।

इस तरह के उलटाव को लाभ–हानि विवरण में मान्यता दी जाती है जब तक कि परिसंपत्ति को पुनर्मूल्यांकित राशि पर नहीं ले जाया जाता है, उस स्थिति में, उलटाव को पुनर्मूल्यांकन वृद्धि के रूप में माना जाता है।

**3.7 इन्वेंटरी**

इन्वेंटरी का मूल्य कम लागत और शुद्ध वसूली योग्य मूल्य पर पर किया जाता है। हालांकि, इन्वेंट्री के उत्पादन में उपयोग के लिए रखी गई सामग्री और अन्य वस्तुओं को लागत से नीचे नहीं लिखा जाता है, यदि तैयार उत्पाद जिसमें उन्हें शामिल किया जाएगा, लागत पर या उससे अधिक पर बेचे जाने की उम्मीद है। लागत की गणना फीफो आधार पर की जाती है, तैयार माल की लागत और कार्य–प्रगति में खरीद की सभी लागत, रूपांतरण लागत और इन्वेंट्री को उनके वर्तमान स्थान और स्थिति में लाने में होने वाली अन्य लागत शामिल होती है।

इन्वेंटरी की लागत में रूपांतरण की सभी लागत और उन्हें उनके संबंधित वर्तमान स्थान और स्थिति में लाने में होने वाली अन्य लागत शामिल होती है और फीफो पद्धति के आधार पर इसका मूल्यांकन किया जाता है।

शुद्ध वसूली योग्य मूल्य व्यवसाय के सामान्य क्रम में अनुमानित बिक्री मूल्य है, जिसमें पूरा होने की अनुमानित लागत और बिक्री करने के लिए आवश्यक अनुमानित लागत कम होती है।

जिस इन्वेंटरी में वित्तीय वर्ष के दौरान खरीद / बिक्री / खपत का कोई लेनदेन नहीं हुआ, उसे नॉन मूविंग इन्वेंटरी के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जबकि जिन इन्वेंटरी में 20% से कम लेनदेन हुआ है, उन्हें स्लो मूविंग इन्वेंट्री के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इन इन्वेंटरी की पहचान वर्ष के अंत में की जाती है और तदनुसार इसके मूल्य के बीस प्रतिशत तक कम किया जाता है। हालांकि, यदि वसूली योग्य मूल्य वास्तविक लागत से अधिक है, तो कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**3.8 राजस्व मान्यता**

- इंड एएस 115 के अनुसार जो यह निर्धारित करने के लिए एक व्यापक रुपरेखा स्थापित करता है कि राजस्व को कितना और कब मान्यता दी जानी है।
- कंपनी ग्राहकों के साथ अनुबंधों से राजस्व की पहचान करती है जब वह ग्राहक को वादा किया गया सामान या सेवा स्थानांतरित करके प्रदर्शन दायित्व को पूरा करती है। राजस्व को संतुष्ट प्रदर्शन दायित्व लिए आवंटित लेनदेन मूल्य की सीमा तक पहचाना जाता है। निष्पादन दायित्व समय के साथ पूरा होता है जब किसी ग्राहक को परिसंपत्ति (वस्तु या सेवा) के नियंत्रण का हस्तांतरण समय के साथ किया जाता है और अन्य मामलों में, निष्पादन दायित्व एक समय में पूरा होता है। समय के साथ निष्पादन दायित्व के लिए, राजस्व

मान्यता निष्पादन दायित्व की पूर्ण संतुष्टि की दिशा में प्रगति की गणना कर राजस्व की पहचान की जाती है।

- राजस्व को लेनदेन मूल्य के आधार पर गणना की जाती है, जो ग्राहक के साथ अनुबंध में निर्दिष्ट वॉल्यूम छूट, सेवा स्तर क्रेडिट, प्रदर्शन बोनस, मूल्य रियायतें और प्रोत्साहन, यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है। राजस्व में ग्राहकों से वसूला गया कर भी शामिल नहीं हैं।
- लेनदेन मूल्य वह प्रतिफल राशि है जिसके लिए कंपनी अपेक्षा करती है कि वह किसी तीसरे पक्ष की ओर से एकत्र की गई राशि को छोड़कर किसी ग्राहक को सामान या सेवाएं हस्तांतरित करने के बदले में हकदार होगी। परिवर्तनीय विचार का अनुमान अपेक्षित मूल्य पद्धति या किसी दिए गए परिस्थिति में उपयुक्त संभावित राशि का उपयोग करके लगाया जाता है। ग्राहक के साथ सहमत भुगतान शर्तें व्यावसायिक प्रथा के अनुसार होती हैं और वित्तपोषण घटक, यदि महत्वपूर्ण हो, तो लेनदेन मूल्य से अलग किया जाता है और ब्याज आय के रूप में हिसाब लगाया जाता है।
- माल की बिक्री से प्राप्त राजस्व को तब मान्यता दी जाती है जब माल में स्वामित्व के सभी महत्वपूर्ण जोखिम और पुरस्कार अनुबंध की शर्तों के अनुसार खरीदार को हस्तांतरित कर दिए जाते हैं, माल के साथ कोई निरंतर प्रबंधकीय भागीदारी नहीं होती है और राजस्व की राशि को विश्वसनीय रूप से गणना की जा सकती है। कंपनी आमतौर पर स्वामित्व से जुड़ी एक हद तक हस्तांतरित माल पर कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं रखती है और माल की बिक्री से प्राप्त होने वाले प्रतिफल की राशि के संबंध में कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद नहीं है। राजस्व को किसी भी व्यापार छूट, मात्रा छूट और सरकार की ओर से एकत्र किए गए किसी भी कर या शुल्क की कटौती के बाद प्राप्त या प्राप्य प्रतिफल के उचित मूल्य पर गणना की जाती है, जो बिक्री पर लगाया जाता है जैसे माल और सेवा कर आदि।
- प्रदान की गई सेवाओं से राजस्व की पहचान ग्राहकों के साथ समझौतों/व्यवस्थाओं के आधार पर की जाती है, समय के साथ रिपोर्टिंग अवधि में प्रदर्शन दायित्वों की पूर्ण संतुष्टि की दिशा में प्रगति की गणना कर और राजस्व की राशि को विश्वसनीय रूप से गणना की जा सकती है।

**राजस्व निर्धारण में महत्वपूर्ण निर्णयों का उपयोग**

- ग्राहकों के साथ कंपनी के अनुबंधों में एक ग्राहक को कई उत्पाद और सेवाएं हस्तांतरित करने के वादे शामिल हो सकते हैं। कंपनी अनुबंध में वादा किए गए उत्पादों/सेवाओं का मूल्यांकन करती है और अनुबंध में विशिष्ट प्रदर्शन दायित्वों की पहचान करती है। विशिष्ट प्रदर्शन दायित्व की पहचान में डिलिवरेबल्स और ऐसे डिलिवरेबल्स से स्वतंत्र रूप से लाभ उठाने के लिए ग्राहक की क्षमता का निर्धारण करने का निर्णय शामिल है।
- कंपनी प्रदर्शन दायित्व के लिए उचित स्टैंडअलोन बिक्री मूल्य निर्धारित करने के लिए निर्णय का उपयोग करती है। कंपनी अनुबंध में वादा किए गए प्रत्येक विशिष्ट उत्पाद या सेवा के सापेक्ष स्टैंडअलोन बिक्री मूल्य के आधार पर प्रत्येक प्रदर्शन दायित्व के लिए लेनदेन मूल्य आवंटित करती है। जहां स्टैंडअलोन बिक्री मूल्य देखने योग्य नहीं है, कंपनी प्रत्येक विशिष्ट प्रदर्शन दायित्व के लिए लेनदेन मूल्य आवंटित करने के लिए अपेक्षित लागत प्लस मार्जिन दृष्टिकोण का उपयोग करती है।
- कंपनी यह निर्धारित करने में निर्णय लेती है कि प्रदर्शन दायित्व एक समय में संतुष्ट है या समय की अवधि में। कंपनी संकेतकों पर विचार करती है जैसे सेवाएं प्रदान किए जाने पर ग्राहक लाभ का उपभोग कैसे करता है या परिसंपत्ति के निर्माण के दौरान उसे कौन नियंत्रित करता है या ऐसे उत्पाद या सेवा के आज तक के प्रदर्शन और वैकल्पिक उपयोग के लिए भुगतान के लागू करने योग्य अधिकार का अस्तित्व, महत्वपूर्ण जोखिमों और पुरस्कारों का हस्तांतरण ग्राहक को, ग्राहक द्वारा डिलीवरी की स्वीकृति, आदि।

**ब्याज आय**

वित्तीय परिसंपत्तियों से ब्याज आय को प्रभावी ब्याज दर पद्धति का उपयोग करके पहचाना जाता है।

### 3.9 कर्मचारी हितलाभ

- **सेवानिवृत्ति लाभ लागत और समाप्ति हितलाभ**

परिभाषित योगदान सेवानिवृत्ति लाभ योजनाओं के भुगतान को व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है जब कर्मचारियों ने उन्हें योगदान का हकदार बनाने वाली सेवा प्रदान की है।

परिभाषित लाभ सेवानिवृत्ति लाभ योजनाओं के लिए, लाभ प्रदान करने की लागत अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग करके निर्धारित की जाती है, जिसमें प्रत्येक वार्षिक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में बीमांकिक मूल्यांकन किया जाता है। पुनःगणना, जिसमें बीमांकिक लाभ और हानि शामिल है, परिसंपत्ति सीमा में परिवर्तन का प्रभाव (यदि लागू हो) और योजना परिसंपत्तियों पर रिर्टन (शुद्ध ब्याज को छोड़कर), तुलन पत्र में उस

अवधि में अन्य व्यापक आय में मान्यता प्राप्त शुल्क या क्रेडिट के साथ तत्काल परिलक्षित होता है जिस अवधि में वे घटित होते हैं। अन्य व्यापक आय में मान्यता प्राप्त पुनःगणना तुरंत बरकरार रखी गई कमाई में परिलक्षित होता है और इसे लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा।

योजना संशोधन की अवधि में पिछली सेवा लागत को लाभ या हानि में पहचाना जाता है। शुद्ध परिभाषित लाभ दायित्व या परिसंपत्ति पर अवधि की शुरुआत में छूट दर लागू करके शुद्ध ब्याज की गणना की जाती है।

**परिभाषित हितलाभ लागतों को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है :**

- सेवा लागत (वर्तमान सेवा लागत, पिछली सेवा लागत, साथ ही कटौती पर लाभ और हानि सहित) और
- शुद्ध ब्याज व्यय या आयय तथा
- पुनःगणना

कंपनी 'कर्मचारी लाभ व्यय' लाइन आइटम में लाभ या हानि में परिभाषित लाभ लागत के पहले दो घटकों को प्रस्तुत करती है। कटौती लाभ और हानियों को पिछली सेवा लागत के रूप में दिखाया जाता है।

तुलन पत्र में पहचाने गए सेवानिवृत्ति लाभ दायित्व कंपनी की परिभाषित लाभ योजनाओं में वास्तविक घाटे या अधिशेष का प्रतिनिधित्व करता है। इस गणना से उत्पन्न कोई भी अधिशेष योजनाओं से रिफंड या योजनाओं में भविष्य के योगदान में कटौती के रूप में उपलब्ध किसी भी आर्थिक लाभ के वर्तमान मूल्य तक सीमित है। समाप्ति लाभ के लिए दायित्व को उस समय से पहले पहचाना जाता है जब इकाई समाप्ति लाभ के प्रस्ताव को अब वापस नहीं ले सकती है और जब इकाई किसी भी संबंधित पुनर्गठन लागत को पहचानती है।

- **अल्पकालीन और अन्य दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ**

कर्मचारियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बदले भुगतान की जाने वाली अपेक्षित अल्पकालिक कर्मचारी लाभों की बिना छूट वाली राशि को उस अवधि के दौरान व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है जब कर्मचारी सेवाएं प्रदान करते हैं। अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभों के संबंध में मान्यता प्राप्त दायित्वों को रिपोर्टिंग तिथि तक कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के संबंध में कंपनी द्वारा किए जाने वाले अनुमानित भविष्य के नकदी बहिर्वाह के वर्तमान मूल्य पर गणना की जाती है।

## 3.10 <u>वित्तीय साधन</u>

**वित्तीय परिसंपत्तियां :**

वित्तीय परिसंपत्तियों को जब पहचाना जाता है जब कंपनी दस्तावेज के संविदात्मक प्रावधानों के लिए एक पक्ष बन जाती है।

प्रारंभिक मान्यता पर, वित्तीय परिसंपत्ति को उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है, वित्तीय परिसंपत्तियों के मामले में जिन्हें लाभ और हानि (FVTPL) के माध्यम से उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है, इसकी लेनदेन लागत को लाभ–हानि विवरण में मान्यता दी जाती है। अन्य मामलों में, लेनदेन लागत को वित्तीय परिसंपत्तियों के उचित मूल्य में समायोजित किया जाता है।

वित्तीय परिसंपत्तियों को इस प्रकार वर्गीकृत किया गया हैः

- कर्ज चुकाने की लागत
- लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (FVTPL)
- अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य (FVOCI)

वित्तीय परिसंपत्तियों को उनकी मान्यता के बाद पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाता है, सिवाय इसके कि उस अवधि के दौरान कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए अपने व्यवसाय मॉडल को बदलती है।

**व्यापार प्राप्तियां और ऋण :**

व्यापार प्राप्तियां और ऋण को शुरू में उचित मूल्य पर पहचाना जाता है। इसके बाद, इन परिसंपत्तियों को प्रभावी ब्याज दर (EIR) विधि का उपयोग करके किसी भी अपेक्षित क्रेडिट हानियों के बिना परिशोधित लागत पर रखा जाता है। EIR वह दर है जो वित्तीय साधन के अपेक्षित जीवन के माध्यम से अनुमानित भविष्य की नकद आय में छूट देती है। संदिग्ध देनदारों के लिए 3 वर्ष से अधिक तथा 4 वर्ष तक बकाया पर 10% की दर से, 4 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक के बकाया पर 20% की दर से और 5 वर्ष से अधिक के बकाया पर 30% की दर से प्रावधान किया गया है।

**देनदार विलेख :**

देनदार विलेखों को शुरु में परिशोधन लागत, अन्य व्यापक आय ('FVOCI') के माध्यम से उचित मूल्य या लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य ('FVTPL') के आधार पर मान्यता समाप्त होने तक गणना की जाती है;

(i) वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए इकाई का व्यवसाय मॉडल और

(ii) वित्तीय परिसंपत्ति की संविदागत नकदी प्रवाह विशेषताएं

**( अ ) परिशोधित लागत पर गणना :**

वित्तीय परिसंपत्तियां जो एक व्यवसाय मॉडल के भीतर रखी जाती हैं, जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह को एकत्र करने के लिए वित्तीय संपत्तियों को धारण करना है जो केवल मूलधन और ब्याज का भुगतान है,

बाद में प्रभावी ब्याज दर ('EIR') विधि का उपयोग कर परिशोधन लागत पर क्षति हानि, यदि कोई हो, करके गणना की जाती है ।

EIR का परिशोधन और क्षति से उत्पन्न होने वाली हानि, यदि कोई हो, को लाभ–हानि विवरण में मान्यता दी गई है।

**( ब ) अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर गणना :**

वित्तीय परिसंपत्तियां जो एक व्यवसाय मॉडल के भीतर होती हैं, जिसका उद्देश्य वित्तीय परिसंपत्तियों को बेचने और संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र करना, जो कि केवल मूलधन और ब्याज का भुगतान है, दोनों द्वारा प्राप्त किया जाता है, बाद में अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर गणना की जाती है। अन्य व्यापक आय (OCI) में उचित मूल्य बदलाव को पहचाना जाता हैं।

ब्याज आय को EIR पद्धति का उपयोग करके गणना की जाती है और क्षति हानि, यदि कोई हो, को लाभ–हानि विवरण में मान्यता दी गई है। मान्यता समाप्त होने पर, OCI में पहले से मान्यता प्राप्त संचयी लाभ या हानि को लाभ–हानि विवरण में इक्विटी से 'अन्य आय' में पुनर्वर्गीकृत किया जाता है।

**( स ) लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर गणना :**

एक वित्तीय परिसंपत्ति जिसे परिशोधन लागत या FVOCI के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है, को FVTPL में वर्गीकृत किया गया है। ऐसी वित्तीय परिसंपत्तियों को उचित मूल्य में सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर गणना की जाती है, जिसमें ब्याज आय और लाभांश आय, यदि कोई हो, शामिल है, जिसे लाभ–हानि विवरण में 'अन्य आय' के रूप में पहचाना जाता है।

**वित्तीय परिसंपत्ति की मान्यता रद्द करना**

कंपनी किसी वित्तीय परिसंपत्ति की मान्यता तब रद्द कर देती है जब वित्तीय परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह के संविदात्मक अधिकार समाप्त हो जाते हैं, या यह परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के लिए संविदात्मक अधिकारों को स्थानांतरित कर देती है।

**वित्तीय परिसंपत्ति की क्षति**

- FVTPL श्रेणी में वित्तीय परिसंपत्तियों के अलावा प्रारंभिक मान्यता के बाद सभी वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए अपेक्षित क्रेडिट घाटे की पहचान की जाती है।
- इंड एएस 109 के अनुसार, व्यापार प्राप्तियों के अलावा अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए, कंपनी सभी उत्पन्न या अर्जित वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए 12 महीने के अपेक्षित क्रेडिट घाटे को पहचानती है यदि रिपोर्टिंग तिथि पर वित्तीय परिसंपत्ति का क्रेडिट जोखिम इसकी प्रारंभिक मान्यता के बाद से उल्लेखनीय रूप से नहीं बढ़ा है।
- यदि वित्तीय परिसंपत्ति पर क्रेडिट जोखिम इसकी प्रारंभिक मान्यता के बाद से काफी बढ़ जाता है, तो अपेक्षित क्रेडिट हानि को आजीवन अपेक्षित क्रेडिट हानियों के रूप में गणना की जाती है।
- व्यापार प्राप्तियों के लिए कंपनी 'सरलीकृत दृष्टिकोण' लागू करती है (बिंदु संख्या 3.10 ''व्यापार प्राप्य और ऋण'' देखें), जिसके लिए अपेक्षित जीवनकाल के नुकसान को प्रप्तियों को प्रारंभिक पहचान से पहचाना जाना आवश्यक है। कंपनी व्यापार प्राप्तियों के पोर्टफोलियो पर क्षति हानि का निर्धारण करने के लिए ऐतिहासिक डिफॉल्ट दरों का उपयोग करती है। प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर इन ऐतिहासिक डिफॉल्ट दरों की समीक्षा की जाती है और भविष्योन्मुखी अनुमानों में परिवर्तनों का विश्लेषण किया जाता है।
- क्षति हानि और उलटाव को लाभ–हानि विवरण में पहचाना जाता है।

**वित्तीय दायित्व :**

**प्रारंभिक पहचान और गणना**

वित्तीय दायित्वों को तब मान्यता तब दी जाती है जब कंपनी साधन के संविदात्मक प्रावधानों में एक पक्ष बन जाती है। वित्तीय दायित्वों को शुरू में परिशोधन लागत पर गणना की जाती है जब तक कि प्रारंभिक मान्यता पर, उन्हें लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाता है। व्यापार देय के मामले में, उन्हें शुरू में उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है और बाद में, इन दायित्वों को प्रभावी ब्याज दर पद्धति का उपयोग करके परिशोधन लागत पर रखा जाता है।

**बाद की गणना**

वित्तीय दायित्वों को बाद में EIR पद्धति का उपयोग करके परिशोधित लागत पर गणना की जाती है। लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर की गई वित्तीय दायित्वों को लाभ–हानि विवरण में मान्यता प्राप्त उचित मूल्य में सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर गणना की जाती है।

**वित्तीय दायित्व की अमान्यता**

जब अनुबंध में निर्दिष्ट दायित्व का निर्वहन, रद्द या समाप्त हो जाता है, तो वित्तीय दायित्व को अमान्य कर दिया जाता है।

### 3.11 उचित मूल्य की गणना

उचित मूल्य वह मूल्य है जो किसी परिसंपत्ति को बेचने के लिए प्राप्त किया जाएगा या गणना तिथि पर बाजार सहभागियों के बीच व्यवस्थित लेनदेन में दायित्व को हस्तांतरित करने के लिए भुगतान किया जाएगा। उचित मूल्य गणना इस अनुमान पर आधारित है कि परिसंपत्ति बेचने या दायित्व को हस्तांतरित करने के लिए लेनदेन या तो होता है :

- परिसंपत्ति या दायित्व के लिए मुख्य बाजार में, या
- किसी बाजार के अभाव में, परिसंपत्ति या दायित्व के लिए सबसे फायदेमंद बाजार में

किसी परिसंपत्ति या दायित्व का उचित मूल्य उन धारणाओं का उपयोग करके किया जाता है जो बाजार प्रतिभागी परिसंपत्ति या दायित्व का मूल्य निर्धारण करते समय उपयोग करेंगे, यह मानते हुए कि बाजार प्रतिभागी अपने आर्थिक सर्वोत्तम हित में कार्य करते हैं।

एक गैर–वित्तीय परिसंपत्ति के उचित मूल्य की गणना, बाजार सहभागी की परिसंपत्ति को उसके उच्चतम और सर्वोत्तम उपयोग करके या किसी अन्य बाजार सहभागी को बेचकर आर्थिक लाभ उत्पन्न करने की क्षमता को ध्यान में रखता है जो परिसंपत्ति का उपयोग अपने उच्चतम और सर्वोत्तम उपयोग में उपयोग करेगा।

कंपनी उन मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग करती है जो परिस्थितियों में उपयुक्त हैं और जिनके लिए उचित मूल्य की गणना के लिए पर्याप्त डेटा उपलब्ध है, प्रासंगिक अवलोकन योग्य इनपुट के उपयोग को अधिकतम करने और अप्राप्य इनपुट के उपयोग को कम करने के लिए।

सभी परिसंपत्तियां और दायित्व जिनके लिए वित्तीय विवरणों में उचित मूल्य की गणना की गई है या खुलाला किया गया है, उन्हें उचित मूल्य पदानुक्रम के भीतर वर्गीकृत किया गया है, जो कि निम्नतम स्तर के इनपुट के आधार पर निम्नानुसार वर्णित है, जो समग्र रूप से उचित मूल्य की गणना के लिए महत्वपूर्ण है :

- **लेवल 1** – समान परिसंपत्तियों या दायित्वों के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत (असमायोजित) बाजार मूल्य
- **लेवल 2** – मूल्यांकन तकनीकें जिनके लिए उचित मूल्य गणना के लिए महत्वपूर्ण न्यूनतम स्तर का इनपुट प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से देखने योग्य है।
- **लेवल 3** – मूल्यांकन तकनीकें जिनके लिए उचित मूल्य गणना के लिए महत्वपूर्ण न्यूनतम स्तर का इनपुट अप्राप्य है।

आवर्ती आधार पर वित्तीय विवरणों में पहचानी जाने वाली परिसंपत्तियों और दायित्वों के लिए, कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्गीकरण (निम्नतम स्तर के इनपुट के आधार पर जो समग्र रूप से उचित मूल्य गणना के लिए महत्वपूर्ण है) का पुनर्मूल्यांकन करके यह निर्धारित करती है कि पदानुक्रम में स्तरों के बीच स्थानांतरण हुआ है या नहीं।

उचित मूल्य खुलासे के उद्देश्य के लिए, जैसा कि ऊपर बताया गया है, कंपनी ने परिसंपत्तियों और दायित्वों की प्रकृति, विशेषताओं और जोखिमों तथा उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर के आधार पर परिसंपत्तियों और दायित्वों की श्रेणियां निर्धारित की हैं।

### 3.12 प्रावधान और आकस्मिक दायित्व

प्रावधानों को तब मान्यता दी जाती है जब किसी पिछली घटना के परिणामस्वरूप कंपनी के पास वर्तमान दायित्व (कानूनी या रचनात्मक) होता है, यह संभव है कि दायित्वों का निपटान करने के लिए आर्थिक लाभ वाले संसाधनों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी और दायित्व की राशि का एक विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है। प्रावधान के रूप में मान्यता प्राप्त राशि, दायित्वों से जुड़े जोखिमों और अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए, रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्तमान दायित्व को निपटाने के लिए आवश्यक विचार का सर्वोत्तम अनुमान है।

जब कंपनी किसी प्रावधान के कुछ या पूरे हिस्से की प्रतिपूर्ति की उम्मीद करती है, उदाहरण के लिए, एक बीमा अनुबंध के तहत, प्रतिपूर्ति को एक अलग परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है, लेकिन केवल तभी जब प्रतिपूर्ति वस्तुतः निश्चित हो। किसी प्रावधान से संबंधित व्यय किसी भी प्रतिपूर्ति के लाभ–हानि विवरण में प्रस्तुत किया जाता है।

यदि धन के समय मूल्य का प्रभाव भौतिक है, तो मौजूदा कर–पूर्व दर का उपयोग करके प्रावधानों में छूट दी जाती है, जो उपयुक्त होने पर, दायित्व के लिए विशिष्ट जोखिमों को दर्शाता है। जब छूट का उपयोग किया जाता है, तो समय बीतने के कारण प्रावधान में वृद्धि को वित्त लागत के रूप में मान्यता दी जाती है।

आकस्मिक दायित्वों का खुलासा तब किया जाता है जब अतीत की घटनाओं से उत्पन्न होने वाला कोई संभावित दायित्व होता है, जिसके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या एक से अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाओं के घटित होने या न होने से की जाएगी, जो पूरी तरह से कंपनी के नियंत्रण में नहीं है या कोई वर्तमान दायित्व है जो पिछली घटनाओं से उत्पन्न होता है जहां या तो यह संभव नहीं है कि दायित्वों को निपटाने के लिए संसाधनों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी या राशि का विश्वसनीय अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

**3.13 उधार लेने की लागत**

योग्य संपत्तियों के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन के लिए प्रत्यक्ष रूप से उधार लेने की लागत, जो ऐसी संपत्तियां हैं जिन्हें अपने अपने इच्छित उपयोग या बिक्री के लिए तैयार होने में पर्याप्त समय लगता है, उन परिसंपत्तियों को लागत में जोड़ा जाता है, जब तक कि परिसंपत्तियां अपने इच्छित उपयोग या बिक्री के लिए काफी हद तक तैयार न हो जाएं।

विशिष्ट उधारों के अस्थायी निवेश पर अर्जित निवेश आय, जो कि योग्य परिसंपत्तियों पर उनका व्यय लंबित है, को पूंजीकरण के लिए पात्र उधार लागत से घटा दिया जाता है।

अन्य सभी उधार लागतों को उस अवधि में लाभ–हानि विवरण में पहचाना जाता है जिसमें वे खर्च किए गए हैं।

**3.14 आयकर**

वर्ष के लिए आयकर खर्चों में वर्तमान कर और आस्थगित कर शामिल हैं। इसे लाभ–हानि विवरण में मान्यता दी जाती है, सिवाय इसके कि यह किसी मद से संबंधित है, जिसे सीधे अन्य व्यापक आय में मान्यता दी जाती है।

वर्तमान कर, तुलन पत्र तिथि पर लागू कर दरों का उपयोग करके वर्ष के लिए कर योग्य आय/हानि पर देय/प्राप्य अपेक्षित कर है और पिछले वर्षों के संबंध में करों में कोई समायोजन है। आयकर से संबंधित ब्याज आय/व्यय और जुर्माना, यदि कोई हो, वर्तमान कर व्यय में शामिल है।

वित्तीय रिपोर्टिंग उद्देश्यों के लिए परिसंपत्तियों और दायित्वों की वहन राशि और कर योग्य लाभ की गणना में उपयोग किए जाने वाले संबंधित कर आधार के बीच अस्थायी अंतर के संबंध में आस्थगित कर को मान्यता दी जाती है।

सभी कर योग्य अस्थायी अंतरों के लिए आस्थगित कर देनदारियों को मान्यता दी जाती है। आस्थगित कर परिसंपत्तियों को केवल उस सीमा तक मान्यता दी जाती है, जहां यह संभावना है कि भविष्य में कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा, जिसके विरुद्ध कटौती योग्य अस्थायी अंतर और अप्रयुक्त कर घाटे को आगे ले जाने का उपयोग किया जा सकता है। प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर आस्थगित कर परिसंपत्तियों की समीक्षा की जाती है और इसे हद तक कम किया जाता है कि संबंधित कर लाभ प्राप्त होने की संभावना नहीं रह जाती है।

आस्थगित कर दायित्वों और परिसंपत्तियों को कर दरों पर गणना की जाती है, यह उस अवधि में लागू होने की उम्मीद है जिसमें लागू कर दरों (और कर कानूनों) के आधार पर देनदारी का निपटान किया जाता है या संपत्ति की वसूली की जाती है या रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक वास्तविक रूप से अधिनियमित किया जाएगा।

वर्तमान कर परिसंपत्तियां और वर्तमान कर दायित्व तब ऑफसेट होते हैं जब मान्यता प्राप्त राशियों को सेट करने का कानूनी रूप से लागू करने योग्य अधिकार होता है और परिसंपत्ति तथा दायित्व को शुद्ध आधार पर निपटाने का इरादा होता है। आस्थगित कर परिसंपत्तियां और आस्थगित कर दायित्व तब ऑफसेट होते हैं जब वर्तमान कर दायित्वों के खिलाफ मौजूदा कर परिसंपत्तियों को समायोजित करने का कानूनी रूप से लागू करने योग्य अधिकार होता हैय और आस्थगित कर परिसंपत्ति और आस्थगित कर दायित्व एक ही कराधान प्राधिकरण द्वारा लगाए गए आयकर से संबंधित हैं।

आस्थगित कर दायित्वों और परिसंपत्तियों की गणना उन कर परिणामों को दर्शाता है जो उस तरीके से होंगे, जिसमें कंपनी रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अपनी परिसंपत्तियों और दायित्वों की अग्रणीत राशि की वसूली या निपटान की उम्मीद करती है।

**3.15 विदेशी मुद्रा लेनदेन**

विदेशी मुद्राओं में लेनदेन लेनदेन की तारीख पर प्रचलित विनिमय दर पर किया जाता है। विदेशी मुद्राओं में अंकित मौद्रिक संपत्तियों और दायित्वों को रिपोर्टिंग तिथि पर विनिमय की कार्यात्मक मुद्रा समापन दरों पर अनुवादित किया जाता है।

मौद्रिक वस्तुओं के निपटान या अनुवाद पर उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतर को लाभ–हानि विवरण में मान्यता दी जाती है, विनिमय अंतर की सीमा को छोड़कर, जिसे विदेशी मुद्रा उधार पर ब्याज लागत के समायोजन के रूप में माना जाता है जो सीधे अर्हता प्राप्त परिसंपत्तियों के अधिग्रहण या निर्माण के लिए जिम्मेदार होते हैं, परिसंपत्तियों की लागत के रूप में पूंजीकृत किया जाता है।

गैर–मौद्रिक मद जिन्हें विदेशी मुद्रा में ऐतिहासिक लागत के संदर्भ में गणना की जाती है, लेनदेन की तारीख पर विनिमय दरों का उपयोग करके दर्ज की जाती है। विदेशी मुद्रा में उचित मूल्य पर गणना की गई गैर–मौद्रिक मदों का अनुवाद उस तिथि पर विनिमय दरों का उपयोग करके किया जाता है जब उचित मूल्य की गणना की गई थी। उचित मूल्य पर गणना की गई गैर–मौद्रिक मदों के अनुवाद पर होने वाले लाभ या हानि को मद के उचित मूल्य में परिवर्तन पर लाभ या हानि की मान्यता के अनुरूप माना जाता है (अर्थात, उन मदों पर अनुवाद अंतर जिनके उचित मूल्य लाभ या हानि को OCI या लाभ–हानि विवरण में मान्यता दी जाती है, उन्हें क्रमशः OCI या लाभ–हानि विवरण में भी पहचाना जाता है)।

### 3.16 सरकारी अनुदान

सरकारी अनुदान (सहायता अनुदान) का लेखा–जोखा इंड एएस 20 के अनुसार किया जाता है। कंपनी उन शर्तों और दायित्वों पर विचार करेगी जो उन लागतों की पहचान करते समय पूरी की गई हैं या पूरी की जानी चाहिए जिनकी क्षतिपूर्ति के लिए अनुदान के लाभ का इरादा है।

सरकारी अनुदानों को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि उचित आश्वासन न हो कि कंपनी उनसे जुड़ी शर्तों का पालन करेगी और अनुदान प्राप्त होगा। सरकारी अनुदानों को उन अवधियों में व्यवस्थित आधार पर लाभ–हानि विवरण में मान्यता दी जाती है, जिसमें कंपनी उन संबंधित लागतों को व्यय के रूप में पहचानती है जिनके लिए अनुदानों की भरपाई करने का इरादा है। विशेष रूप से, सरकारी अनुदान जिनकी प्राथमिक शर्त यह है कि कंपनी गैर–चालू परिसंपत्तियों की खरीद, निर्माण या अन्यथा अधिग्रहण करेगी, तुलन पत्र में आस्थगित राजस्व के रूप में पहचाना जाता है और संबंधित संपत्तियों के उपयोगी जीवन पर व्यवस्थित और तर्कसंगत आधार पर लाभ–हानि विवरण में स्थानांतरित किया गया।

### 3.17 पट्टा

कंपनी अनुबंध के प्रारंभ में मूल्यांकन करती है कि क्या अनुबंध एक पट्टा है या इसमें शामिल है। एक अनुबंध एक पट्टा है, या इसमें  शामिल है, यदि यह विचार के बदले एक निश्चित अवधि के लिए पहचानी गई परिसंपत्ति के उपयोग को नियंत्रित करने का अधिकार देता है।

**पट्टेदार के रूप में कंपनी**

उपयोग का अधिकार (ROU) परिसंपत्तियों को किसी अनुबंध की शुरुआत में या महत्वपूर्ण पट्टा घटकों के लिए लागत कम पट्टा प्रोत्साहन, यदि कोई हो, पर व्यवस्था के रूप में पहचाना जाता है। ROU संपत्तियों को बाद में संचित मूल्यह्रास और क्षति हानि, यदि कोई हो, को घटाकर लागत पर गणना की जाती है। ROU संपत्तियों की लागत में मान्यता प्राप्त पट्टा दायित्वों की राशि, प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत और पट्टा प्रारंभ तारीख पर या उससे पहले किए गए पट्टा भुगतान शामिल हैं। ROU संपत्तियों का आम तौर पर पट्टे की अवधि के कम होने और स्ट्रेट–लाइन के आधार पर अंतर्निहित परिसंपत्तियों के अनुमानित उपयोगी जीवन पर मूल्यह्रास किया जाता है। पट्टे की अवधि उन तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार के आधार पर निर्धारण की जाती है जो विस्तार विकल्प का प्रयोग करने या समाप्ति विकल्प का प्रयोग न करने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन पैदा करते हैं। अल्पकालिक पट्टों और कम मूल्य वाले पट्टों से जुड़े पट्टा भुगतान को संबंधित पट्टे की अवधि के दौरान सीधी रेखा के आधार पर लाभ–हानि के विवरण में शामिल किया जाता है।

कंपनी पट्टे की मान्यता की तारीख पर किए जाने वाले पट्टे के भुगतान के वर्तमान मूल्य पर गणना किए गए पट्टा दायित्वों को पहचानती है। इस तरह के पट्टा दायित्वों में परिवर्तनीय पट्टा भुगतान शामिल नहीं होते हैं (जो किसी सूचकांक या दर पर निर्भर नहीं होते हैं), जिन्हें उस अवधि में व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है जिसमें वे खर्च किए जाते हैं। प्रभावी ब्याज पद्धति का उपयोग करके पट्टे के दायित्व पर ब्याज की पहचाना की जाती है। बाद में ब्याज की वृद्धि को दर्शाने के लिए पट्टा दायित्वों को बढ़ाया जाता है और किए गए पट्टा भुगतान के लिए कम कर किया जाता है। पट्टे की दायित्वों की वहन राशि भी पट्टे की व्यवस्था में संशोधन पर या पट्टे की अवधि के मूल्यांकन में बदलाव पर दोबारा गणना की जाती है। इस तरह के पुनःगणना का प्रभाव ROU संपत्तियों के मूल्य में समायोजित किया जाता है।

### 3.18 प्रति शेयर आय

प्रति शेयर मूल आय की गणना कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों के लिए देय अवधि के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ को अवधि के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है। अवधि के दौरान और प्रस्तुत सभी अवधियों के लिए बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या को घटनाओं के लिए समायोजित किया जाता है,जैसे बोनस शेयर, संभावित इक्विटी शेयरों के रूपांतरण के अलावा, जिन्होंने संसाधनों में संबंधित बदलाव के बिना, बकाया इक्विटी शेयरों की संख्या को बदल दिया है।

प्रति शेयर तनुकृत आय की गणना के उद्देश्य के लिए, इक्विटी शेयरधारकों के कारण अवधि के लिए शुद्ध लाभ और अवधि के दौरान बकाया शेयरों की भारित औसत संख्या को सभी तनुकृत संभावित इक्विटी शेयरों के प्रभावों के लिए समायोजित किया जाता है।

### 3.19 बिक्री के लिए धारित गैर-चालू संपत्तियां

गैर–चालू परिसंपत्तियों को बिक्री के लिए लिए रखी गई परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि उनकी वहन राशि निरंतर उपयोग के बजाय मुख्य रूप से बिक्री लेनदेन के माध्यम से वसूल की जाएगी। यह शर्त तभी पूरी मानी जाती है जब परिसंपत्ति अपनी वर्तमान स्थिति में तत्काल बिक्री के लिए उपलब्ध हो, केवल उन शर्तों के अधीन जो ऐसी परिसंपत्ति की बिक्री के लिए सामान्य और प्रथागत हैं और इसकी बिक्री अत्यधिक संभावित है। प्रबंधन को बिक्री के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, जिससे वर्गीकरण की तारीख से एक वर्ष के भीतर पूर्ण बिक्री के रूप में मान्यता प्राप्त करने की उम्मीद की जानी चाहिए।

बिक्री के लिए रखी गई गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों का न तो मूल्यह्रास किया जाता है और न ही परिशोधन किया जाता है।

बिक्री के लिए रखी गई गैर–चालू परिसंपत्तियों को उनकी वहन राशि और बेचने के लागत घटाकर उचित मूल्य के निम्नतर पर गणना की जाती है और तुलन पत्र में अलग से प्रस्तुत किया गया है।

**3.20 लाभांश**

भुगतान किए गए लाभांश (उस पर आयकर सहित) को उस अवधि में मान्यता दी जाती है जिसमें अंतरिम लाभांश निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाता है, या अंतिम लाभांश के संबंध में जब शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया जाता है। ।

**3.21 नकद और बैंक शेष**

तुलन पत्र में नकद और नकद समतुल्य में बैंकों और रोकड़ हाथ में और तीन महीने या उससे कम की मूल परिपक्वता के साथ बैंक जमा राशि शामिल हैं, जो मूल्य में परिवर्तन के नगण्य जोखिम के अधीन हैं।

नकद और बैंक शेष में सावधि जमा, मार्जिन मनी जमा, बैंकों के साथ निर्धारित शेष और अन्य बैंक शेष भी शामिल हैं, जिन पर प्रत्यावर्तन पर प्रतिबंध है। अल्पावधि और तरल निवेश मूल्य में परिवर्तन के नगण्य जोखिम से अधिक होने के कारण, नकद और नकद समतुल्य के हिस्से के रूप में शामिल नहीं हैं।

**3.22 ऑपरेटिंग सेगमेंट**

ऑपरेटिंग सेगमेंट की रिपोर्ट चीफ ऑपरेटिंग डिसीजन मेकर (CODM) को प्रदान की गई आंतरिक रिपोर्टिंग के अनुरूप होती है। CODM, जो संसाधनों के आवंटन और ऑपरेटिंग सेगमेंट के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए जिम्मेदार है, को कॉर्पोरेट प्रबंधन समिति के रूप में पहचाना गया है।

सेगमेंट को उन व्यवसायों के आधार पर आयोजित किया जाता है जिनकी आर्थिक विशेषताएं समान होती हैं और साथ ही पेश किए गए उत्पादों और सेवाओं की प्रकृति, उत्पादन प्रक्रियाओं की प्रकृति, ग्राहक के प्रकार और वर्ग और वितरण विधियों में समानताएं प्रदर्शित होती हैं।

तीसरे पक्ष के ग्राहकों से उत्पन्न होने वाले सेगमेंट राजस्व को वित्तीय विवरण में राजस्व के समान आधार पर रिपोर्ट किया जाता है। इंटर–सेगमेंट राजस्व उन लेनदेन के आधार पर रिपोर्ट किया जाता है जो मुख्य रूप से बाजार आधारित होते हैं। सेगमेंट के परिणाम वित्त शुल्त, गैर–आवंटित कॉर्पोरेट व्यय और करों से पहले के लाभ का प्रतिनिधित्व करते हैं।

''अनआबंटित कॉर्पोरेट व्यय'' में राजस्व और व्यय शामिल हैं जो समग्र रूप से उद्यम के लिए जिम्मेदार पहलों / लागतों से संबंधित हैं।

**3.23 नकदी प्रवाह विवरण**

नकदी प्रवाह को अप्रत्यक्ष विधि का उपयोग करके रिपोर्ट किया जाता है, जहां कर पूर्व लाभ को गैर–नकद प्रकृति के लेनदेन के प्रभावों के लिए समायोजित किया जाता है, अतीत या भविष्य की परिचालन नकदी प्राप्तियों या भुगतानों के किसी भी स्थगन या संचय और निवेश या नकदी प्रवाह के वित्तपोषण से जुड़ी आय या व्यय की वस्तु को समायोजित किया जाता है। कंपनी के संचालन, निवेश और वित्तपोषण गतिविधियों से नकदी प्रवाह को अलग किया गया है।

**3.24 पूर्व अवधि त्रुटियां**

पूर्व अवधि की त्रुटियों में विश्वसनीय जानकारी का उपयोग करने में विफलता से उत्पन्न चूक और गलत विवरण शामिल हैं जो उस समय उपलब्ध थे या प्राप्त किए जा सकते थे जब उन अवधियों के लिए वित्तीय विवरण जारी करने के लिए अनुमोदित किए गए थे।

पूर्व तुलनात्मक अवधि से संबंधित साम्रगी पूर्व अवधि की त्रुटियां को, जहां भी आवश्यक हो, तुलन पत्र और लाभ–हानि विवरण के तुलनात्मक आंकड़ों को दोबारा दर्शाकर दिखाया जाएगा। इस प्रकार, तुलनात्मक वित्तीय विवरणों में इसका खुलासा इस तरह किया जाएगा जैसे कि त्रुटि हुई ही न हो।

**3.25 रिपोर्टिंग अवधि के बाद की घटना**

'रिपोर्टिंग अवधि के बाद की घटनाओं' को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है :

- **समायोजन घटनाएं :** समायोजन घटनाएं वे हैं जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मौजूद स्थितियों का प्रमाण प्रदान करती हैं; और
- **गैर–समायोजित घटनाएं :** गैर–समायोजन घटनाएं वे हैं जो रिपोर्टिंग अवधि के बाद उत्पन्न हुई स्थितियों का संकेत देती हैं।

वित्तीय विवरणों में पहचानी गई राशि को रिपोर्टिंग अवधि के बाद समायोजन घटनाओं को प्रतिबिंबित करने के लिए समायोजित किया जाता है। वित्तीय विवरणों में मान्यता प्राप्त राशि को रिपोर्टिंग अवधि के बाद गैर–समायोजित घटनाओं को प्रतिबिंबित करने के लिए समायोजित नहीं किया जाता है। यदि रिपोर्टिंग अवधि के बाद गैर–समायोजित घटनाएं महत्वपूर्ण हैं, तो ऐसी घटनाओं का खुलासा घटना की प्रकृति और उसके वित्तीय प्रभाव के अनुमान के साथ किया जाता है।

## 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का हिस्सा बनाने वाले नोट्स (क्रमशः)

### नोट 4 : मूर्त परिसंपत्तियां

**चालू वर्ष**

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

| विवरण | लागत तथा मानित लागत | | | | | संचित मूल्यह्रास और क्षति | | | | | | आगे ले जाने वाली राशि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल, 2022 को शेष | वृद्धि | समायोजन | निपटान | 31 मार्च, 2023 को शेष | 1 अप्रैल, 2022 को शेष | समायोजन | मूल्यह्रास खर्चे | क्षति | निपटान | 31 मार्च, 2023 को शेष | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
| **परिसंपत्ति, प्लांट तथा उपकरण** | | | | | | | | | | | | | |
| वाहन | 25.95 | - | - | - | **25.95** | 18.44 | - | 2.90 | - | - | **21.34** | **4.61** | 7.51 |
| सड़क, नालियां एवं जलापूर्ति | 26.34 | - | - | - | **26.34** | 25.02 | - | - | - | - | **25.02** | **1.32** | 1.32 |
| भवन | 1,838.43 | - | - | - | **1,838.43** | 224.82 | - | 31.39 | - | - | **256.21** | **1,582.22** | 1,613.61 |
| फर्नीचर और फिक्चर्स | 174.80 | - | (0.09) | - | **174.71** | 130.83 | (0.09) | 33.74 | - | - | **164.48** | **10.23** | 43.97 |
| कार्यालय उपकरण | 135.61 | - | 0.09 | - | **135.70** | 55.93 | 0.09 | 9.31 | - | - | **65.33** | **70.37** | 79.68 |
| पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट | 580.00 | - | - | - | **580.00** | 551.00 | - | - | - | - | **551.00** | **29.00** | 29.00 |
| अस्थाई निर्माण | 26.13 | - | - | - | **26.13** | 26.13 | - | - | - | - | **26.13** | **-** | - |
| संयंत्र एवं मशीन – आयातित | 1,519.14 | - | - | - | **1,519.14** | 797.85 | - | 89.88 | - | - | **887.73** | **631.41** | 721.29 |
| संयंत्र एवं मशीन – स्वदेशी | 718.81 | - | - | - | **718.81** | 281.96 | - | 20.84 | - | - | **302.80** | **416.01** | 436.85 |
| कम्प्यूटर एवं प्रिंटर्स | 209.25 | 8.90 | - | - | **218.15** | 187.22 | - | 3.29 | - | - | **190.51** | **27.64** | 22.03 |
| **लीजहोल्ड परिसर** | | | | | | | | | | | | | |
| भूमि | 127.28 | - | - | - | **127.28** | 18.37 | - | 1.29 | - | - | **19.66** | **107.62** | 108.91 |
| **उपयोग** | **5,381.74** | **8.90** | **-** | **-** | **5,390.64** | **2,317.57** | **-** | **192.64** | **-** | **-** | **2,510.21** | **2,880.43** | **3,064.17** |
| पूंजीगत कार्य प्रगति पर | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | **-** | - |
| **कुल** | **5,381.74** | **8.90** | **-** | **-** | **5,390.64** | **2,317.57** | **-** | **192.64** | **-** | **-** | **2,510.21** | **2,880.43** | **3,064.17** |

4.1 कंपनी पंजाब नेशनल बैंक से फंड/गैर–फंड आधारित सीमा का लाभ उठा रही है, जो कच्चे माल के दृष्टिबंधक, प्रक्रिया में स्टॉक, तैयार माल और बही ऋण के माध्यम से सुरक्षित है और कंपनी की अचल और चल पूंजीगत परिसंपत्तियों पर पहले प्रभार द्वारा सुरक्षित है।

4.2 लीजहोल्ड भूमि में कनकपुरा औद्योगिक क्षेत्र, सिरसी रोड, जयपुर में स्थित 40000 वर्ग मीटर और मानसरोवर, जयपुर स्थित क्षेत्र में 2500 वर्ग मीटर क्षेत्र शामिल है।

**पिछला वर्ष**

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

| विवरण | लागत तथा मानित लागत | | | | | संचित मूल्यह्रास और क्षति | | | | | | आगे ले जाने वाली राशि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल, 2021 को शेष | वृद्धि | समायोजन | निपटान | 31 मार्च, 2022 को शेष | 1 अप्रैल, 2021 को शेष | समायोजन | मूल्यह्रास खर्चे | क्षति | निपटान | 31 मार्च, 2022 को शेष | 31 मार्च, 2022 को | 31 मार्च, 2021 को |
| **परिसंपत्ति, प्लांट तथा उपकरण** | | | | | | | | | | | | | |
| वाहन | 25.95 | - | - | - | **25.95** | 15.36 | - | 3.08 | - | - | **18.44** | **7.51** | 10.59 |
| सड़क, नालियां एवं जलापूर्ति | 27.32 | - | 0.98 | - | **26.34** | 25.95 | 0.93 | - | - | - | **25.02** | **1.32** | 1.37 |
| भवन | 1,838.43 | - | - | - | **1,838.43** | 216.34 | - | 8.48 | - | - | **224.82** | **1,613.61** | 1,622.09 |
| फर्नीचर और फिक्चर्स | 217.83 | - | 43.03 | - | **174.80** | 138.56 | 41.77 | 34.04 | - | - | **130.83** | **43.97** | 79.27 |
| कार्यालय उपकरण | 147.30 | - | 11.69 | - | **135.61** | 57.02 | 11.11 | 10.02 | - | - | **55.93** | **79.68** | 90.28 |
| पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट | 580.00 | - | - | - | **580.00** | 551.00 | - | - | - | - | **551.00** | **29.00** | 29.00 |
| अस्थाई निर्माण | 26.13 | - | - | - | **26.13** | 26.13 | - | - | - | - | **26.13** | **-** | - |
| संयंत्र एवं मशीन – आयातित | 1,520.47 | - | 1.33 | - | **1,519.14** | 704.98 | 1.26 | 94.13 | - | - | **797.85** | **721.29** | 815.47 |
| संयंत्र एवं मशीन – स्वदेशी | 739.20 | - | 20.39 | - | **718.81** | 278.87 | 19.37 | 22.46 | - | - | **281.96** | **436.85** | 460.35 |
| कम्प्यूटर एवं प्रिंटर्स | 239.69 | 2.09 | 32.53 | - | **209.25** | 201.43 | 30.02 | 15.81 | - | - | **187.22** | **22.03** | 38.26 |
| **लीजहोल्ड परिसर** | | | | | | | | | | | | | |
| भूमि | 127.28 | - | - | - | **127.28** | 17.08 | - | 1.29 | - | - | **18.37** | **108.91** | 110.20 |
| **उपयोग** | **5,489.60** | **2.09** | **109.95** | **-** | **5,381.74** | **2,232.72** | **104.46** | **189.31** | **-** | **-** | **2,317.57** | **3,064.17** | **3,256.88** |
| पूंजीगत कार्य प्रगति पर | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | **-** | - |
| **कुल** | **5,489.60** | **2.09** | **109.95** | **-** | **5,381.74** | **2,232.72** | **104.46** | **189.31** | **-** | **-** | **2,317.57** | **3,064.17** | **3,256.88** |

## 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का हिस्सा बनाने वाले नोट्स ( क्रमशः )

### नोट 5 : अमूर्त परिसंपत्तियां

चालू वर्ष

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

| विवरण | लागत तथा मानित लागत | | | | | संचित मूल्यह्रास और क्षति | | | | आगे ले जाने वाली राशि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल, 2022 को शेष | अलग अधिग्रहण से वृद्धि | आंतरिक विकास से वृद्धि | बिक्री के लिए रखे गए निपटान या वर्गीकृत | 31 मार्च,2023 को शेष | 1 अप्रेल, 2022 को शेष | परिशोधन खर्चे | समायोजन | 31 मार्च, 2023 को शेष | 31 मार्च, 2023 को शेष | 31 मार्च,2022 को शेष |
| तकनीकी जानकारी | 72.70 | - | - | - | 72.70 | 72.70 | - | - | 72.70 | - | - |
| **उपयोग ( अ )** | **72.70** | **-** | **-** | **-** | **72.70** | **72.70** | **-** | **-** | **72.70** | **-** | **-** |

पिछला वर्ष

| विवरण | लागत तथा मानित लागत | | | | | संचित मूल्यह्रास और क्षति | | | | आगे ले जाने वाली राशि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल, 2021 को शेष | अलग अधिग्रहण से वृद्धि | आंतरिक विकास से वृद्धि | बिक्री के लिए रखे गए निपटान या वर्गीकृत | 31 मार्च,2022 को शेष | 1 अप्रेल, 2021 को शेष | परिशोधन खर्चे | समायोजन | 31 मार्च, 2022 को शेष | 31 मार्च, 2022 को शेष | 31 मार्च,2021 को शेष |
| तकनीकी जानकारी | 72.70 | - | - | - | 72.70 | 72.70 | - | - | 72.70 | - | - |
| **उपयोग ( अ )** | **72.70** | **-** | **-** | **-** | **72.70** | **72.70** | **-** | **-** | **72.70** | **-** | **-** |

### 6. व्यापार प्राप्तियां – गैर चालू

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| (अ) असुरक्षित, शोध्य माने गए | 149.02 | 191.56 |
| **कुल** | **149.02** | **191.56** |

### 7. व्यापार प्राप्तियां – चालू

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| **संबंधित पार्टियों से** | | |
| (अ) असुरक्षित, शोध्य माने गए | 1,920.19 | 1,284.85 |
| **अन्य से** | | |
| (अ) सुरक्षित, शोध्य माने गए | - | - |
| (ब) असुरक्षित, शोध्य माने गए | 14,594.84 | 14,346.03 |
| (स) संदिग्ध | 2,428.81 | 2,224.03 |
| घटाये : संदिग्ध ऋणों की स्वीकार्यता | 2,428.81 | 2,224.03 |
| **कुल** | **16,515.03** | **15,630.88** |

7.1 कंपनी ने 31 मार्च 2022 तक बकाया राशि की पुष्टि के लिए पार्टियों को पत्र भेजे हैं, लेकिन इन पत्रों का जवाब कंपनी को नहीं मिला है।

7.2 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन की फेम II योजना में, 222 ईवीसीएस स्थापित करने के लिए 680 ईवीसीएस के लिए 8.15 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ था। अनुदान का उपयोग, ईवीसीएस बिल किए गए का 70% तक किया गया है, ईवीसीएस की शेष असमायोजित राशि के लिए 12.85 करोड़ रुपये भारत सरकार से प्राप्य हैं।
मेसर्स मैजेंटा पावर प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स टेकसो चार्जजोन प्राइवेट लिमिटेड को समझौते की शर्तों के उल्लंघन के कारण, उनके प्रदर्शन बैंक गारंटी जमा करने के अपने दायित्व को पूरा न करने पर उनका समझौता ज्ञापन समाप्त कर दिया गया था। मेसर्स मैजेंटा पावर प्राइवेट लिमिटेड ने विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थ की नियुक्ति की मांग हेतु माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर के समक्ष, मध्यस्थता और सुलह अधिनियम 1996 की धारा 11(6) के तहत आवेदन क्र.सं. 12/2023, 13/2023 और 14/2023 दायर की है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अभी तक मध्यस्थ की नियुक्ति नहीं की गयी है।

### व्यापार प्राप्तियां एजिंग शिडयूल 31 मार्च, 2023 को

| विवरण | भुगतान की देय तिथि से निम्नलिखित अवधियों के लिए बकाया | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 महीने से कम | 6 महीने से 1 वर्ष | 1 वर्ष से 2 वर्ष | 2 वर्ष से 3 वर्ष | 3 वर्ष से ज्यादा | |
| (i) निर्विवाद व्यापार प्राप्तियां – अच्छा माना जाता है | 4,869.07 | 1,185.87 | 3,531.81 | 589.02 | - | **10,175.77** |
| (ii) निर्विवाद व्यापार प्राप्तियां – जिनसे क्रेडिट जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है | - | - | - | - | 8,768.07 | **8,768.07** |
| (iii) निर्विवाद व्यापार प्राप्तियां – क्रेडिट खराब | - | - | - | - | - | **-** |
| (iv) विवादित व्यापार प्राप्तियां – अच्छा माना जाता है | - | - | - | - | - | **-** |
| (v) विवादित व्यापार प्राप्तियां – जिनसे क्रेडिट जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है | - | - | - | - | - | **-** |
| (vi) विवादित व्यापार प्राप्तियां – क्रेडिट खराब | - | - | - | - | - | **-** |
| कुल | 4,869.07 | 1,185.87 | 3,531.81 | 589.02 | 8,768.07 | **18,943.84** |
| घटायें : संदिग्ध देनदारों के लिए प्रावधान | - | - | - | - | 2,428.81 | **2,428.81** |
| **कुल व्यापार प्राप्तियां** | **4,869.07** | **1,185.87** | **3,531.81** | **589.02** | **6,339.26** | **16,515.03** |

## 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का हिस्सा बनाने वाले नोट्स ( क्रमशः )

**व्यापार प्राप्तियां एजिंग शिडयूल 31 मार्च, 2022 को**

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

| विवरण | भुगतान की देय तिथि से निम्नलिखित अवधियों के लिए बकाया | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 महीने से कम | 6 महीने से 1 वर्ष | 1 वर्ष से 2 वर्ष | 2 वर्ष से 3 वर्ष | 3 वर्ष से ज्यादा | |
| (i) निर्विवाद व्यापार प्राप्तियां – अच्छा माना जाता है | 3218.07 | 2249.95 | 3351.53 | 453.48 | - | 9273.03 |
| (ii) निर्विवाद व्यापार प्राप्तियां – जिनसे क्रेडिट जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है | - | - | - | - | 8581.88 | 8581.88 |
| (iii) निर्विवाद व्यापार प्राप्तियां – क्रेडिट खराब | - | - | - | - | - | - |
| (iv) विवादित व्यापार प्राप्तियां – अच्छा माना जाता है | - | - | - | - | - | - |
| (v) विवादित व्यापार प्राप्तियां – जिनसे क्रेडिट जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है | - | - | - | - | - | - |
| (vi) विवादित व्यापार प्राप्तियां – क्रेडिट खराब | - | - | - | - | - | - |
| कुल | 3218.07 | 2249.95 | 3351.53 | 453.48 | 8581.88 | 17854.91 |
| घटायें : संदिग्ध देनदारों के लिए प्रावधान | - | - | - | - | 2224.03 | 2224.03 |
| **कुल व्यापार प्राप्तियां** | **3218.07** | **2249.95** | **3351.53** | **453.48** | **6357.85** | **15630.88** |

**8. आस्थगित कर परिसंपत्ति ( शुद्ध )**

तुलन पत्र में प्रस्तुत आस्थगित कर संपत्तियां/(दायित्व) का विश्लेषण निम्नलिखित है :

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| आस्थगित कर दायित्व | (448.52) | (693.81) |
| आस्थगित कर परिसंपत्तियां | 2,661.75 | 2,242.04 |
| **शुद्ध** | **2,213.23** | **1,548.23** |

8.1 आस्थगित आयकर परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता का आकलन करने में, प्रबंधन इस बात पर विचार करता है कि क्या आस्थगित आयकर परिसंपत्तियों का कुछ हिस्सा या सभी का भुगतान नहीं किया जाएगा। आस्थगित आयकर परिसंपत्तियों की अंतिम प्राप्ति उस अवधि के दौरान भविष्य की कर योग्य आय के सृजन पर निर्भर करती है जिसमें अस्थायी अंतर कटौती योग्य हो जाते हैं। प्रबंधन इस आकलन को करने में आस्थगित आयकर देनदारियों, अनुमानित भविष्य की कर योग्य आय और कर नियोजन रणनीतियों के निर्धारित उलटाव पर विचार करता है। ऐतिहासिक कर योग्य आय के स्तर और भविष्य की कर योग्य आय के अनुमानों के आधार पर, जिसमें आस्थगित आयकर संपत्तियां कटौती योग्य हैं, प्रबंधन का मानना है कि कंपनी को उन कटौती योग्य अंतरों के लाभों का एहसास होगा। आस्थगित आयकर संपत्तियों की राशि वसूली योग्य मानी जाती है, हालाँकि, वसूली योग्य मानी जाने वाली आस्थगित आयकर परिसंपत्तियों की राशि को निकट अवधि में कम किया जा सकता है यदि कैरी फॉरवर्ड अवधि के दौरान भविष्य की कर योग्य आय का अनुमान कम कर दिया जाता है। प्रबंधन के अनुमान के अनुसार यह संभावना है कि कंपनी को भविष्य के वर्षों में कर योग्य भविष्य का लाभ होगा, जिस पर इस संपत्ति का उपयोग किया जा सकता है। कंपनी की विलंबित कर परिसंपत्तियों को पुनर्प्राप्त करने की क्षमता का मूल्यांकन भविष्य के कर योग्य परिणामों के पूर्वानुमानों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में प्रबंधन द्वारा किया जाता है।

**31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष**

| विवरण | प्रारंभिक शेष | लाभ या हानि में मान्यता प्राप्त | अन्य व्यापक आय में मान्यता प्राप्त | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|
| **आस्थगित कर परिसंपत्तियों/( दायित्व ) के संबंध में :** | | | | |
| संपत्ति, प्लांट तथा उपकरण | (344.40) | (1.89) | - | (346.29) |
| वित्तीय परिसंपत्तियों का उचित मूल्य | 5.90 | 3.30 | - | 9.20 |
| संदिग्ध ऋण के लिए प्रावधान | 645.82 | 61.45 | - | 707.27 |
| आस्थगित राजस्व | (100.82) | (1.41) | - | (102.23) |
| आस्थगित व्यय | 78.95 | (8.17) | - | 70.78 |
| कर्मचारी लाभ के लिए प्रावधान | 582.24 | 6.58 | 1.14 | 589.96 |
| हानियों पर कर (आगे ले जाई गई हानि) | 929.14 | 355.40 | - | 1,284.54 |
| आस्थगित अनुदान | (248.60) | 248.60 | - | - |
| **कुल** | **1,548.23** | **663.86** | **1.14** | **2,213.23** |

## 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का हिस्सा बनाने वाले नोट्स ( क्रमशः )

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

**31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष**

| विवरण | प्रारंभिक शेष | लाभ या हानि में मान्यता प्राप्त | अन्य व्यापक आय में मान्यता प्राप्त | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|
| **आस्थगित कर परिसंपत्तियों )/( दायित्व ) के संबंध में :** | | | | |
| परिसंपत्ति, प्लांट तथा उपकरण | (333.02) | (11.38) | - | (344.40) |
| वित्तीय परिसंपत्तियों का उचित मूल्य | 13.28 | (7.38) | - | 5.90 |
| संदिग्ध ऋण के लिए प्रावधान | 604.48 | 41.34 | - | 645.82 |
| आस्थगित राजस्व | 12.94 | (113.76) | - | (100.82) |
| आस्थगित व्यय | (10.29) | 89.24 | - | 78.95 |
| कर्मचारी लाभ के लिए प्रावधान | 539.84 | 55.51 | (13.11) | 582.24 |
| हानियों पर कर (आगे ले जाई गई हानि) | 582.91 | 346.23 | - | 929.14 |
| आस्थगित अनुदान | 248.59 | (497.19) | - | (248.60) |
| **कुल** | **1,658.73** | **(97.39)** | **(13.11)** | **1,548.23** |

### 9. अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां

**9अ. अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां - गैर चालू**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| **संबंधित पार्टियों से** | | |
| – प्रतिभूति जमा | 0.40 | 0.40 |
| **अन्य** | - | - |
| – प्रतिभूति जमा | 67.88 | 65.83 |
| – कर्मचारियों को ऋण और अग्रिम | 2.42 | 3.79 |
| – एफडीआर को ईएमडी के रूप में जारी किया गया | - | 19.12 |
| – नकद एवं बैंक शेष तत्काल उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं है (नीचे टिप्पणी देखें) | 103.40 | 98.87 |
| **कुल** | **174.10** | **188.01** |

**टिप्पणी : नकद और बैंक बैलेंस का विवरण, तत्काल उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं हे।**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| बैंक बैलेंस (उस पर अर्जित ब्याज सहित) तत्काल उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं है, क्योंकि बैंक के पास मार्जिन मनी के रूप में जमा राशि जमा है। | 228.84 | 289.97 |
| घटायें : अन्य बैंक बैलेंस के तहत परिलक्षित राशि (नोट 11ए) | 125.44 | 191.10 |
| **अन्य वित्तीय संपत्तियों के तहत परिलक्षित राशि-गैर-चालू ( नोट 9ए )** | **103.40** | **98.87** |

**9ब. अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां - चालू**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| – प्रतिभूति जमा | 6.24 | 8.10 |
| – स्टाफ को ऋण | 0.34 | 0.19 |
| – बयाना राशि | 204.62 | 115.21 |
| – सब्सिडी प्राप्तियां | - | 6.48 |
| **कुल** | **211.20** | **129.98** |

## 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का हिस्सा बनाने वाले नोट्स ( क्रमश: )

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

**10. मालसूची**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| **मालसूची** | | |
| कच्चा माल | 1,087.76 | 1,182.30 |
| उत्पादन विभाग में कच्चा माल | 615.07 | 357.24 |
| तैयार माल | 271.04 | 455.40 |
| पैंकिग सामग्री | 5.84 | 4.54 |
| स्टोर और स्पेयर्स | 95.09 | 125.71 |
| लूस टूल्स | - | - |
| माल रास्ते में | - | - |
| व्यापार में स्टॉक | - | - |
| अन्य | - | - |
| **कुल** | **2,074.80** | **2,125.19** |

10.1 इन्वेंट्री में नॉन मूविंग आइटम और स्लो मूविंग आइटम शामिल हैं।

**11. नकद और नकद समतुल्य**

नकदी प्रवाह के विवरण के उद्देश्य के लिए, नकद और नकद समतुल्यों में शेष नकद और बैंकों में बकाया बैंक ओवरड्राफ्ट का शुद्ध शामिल है। रिपोर्टिंग अवधि के अंत में नकद और नकद समकक्ष, जैसा कि नकदी प्रवाह विवरण में दिखाया गया है, को तुलन पत्र में संबंधित मदों के साथ निम्नानुसार मिलान किया जा सकता है:

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| **बैंकों के साथ शेष राशि ( अ+ब+स )** | **1,356.44** | **1,547.69** |
| बचत खाता (अ) | 13.69 | 13.30 |
| अन्य बैंक बैलेंस (ब) | 711.28 | 334.39 |
| बैंक के पास जमा (स) | 631.47 | 1,200.00 |
| शेष रोकड़ | 2.17 | 2.77 |
| चेक, ड्राफ्ट हाथ में | - | - |
| **नकद और नकद समतुल्य** | **1,358.61** | **1,550.46** |

FAME II योजना के तहत भारी उद्योग मंत्रालय (MHI) से प्राप्त सब्सिडी को बचत खाते में रखा गया है और ये धनराशि सामान्य व्यवसाय संचालन के लिए उपलब्ध नहीं होती है।

**11अ. अन्य बैंक बैंलेस**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| बैंक जमा को मार्जिन मनी के रूप में बैंक के पास गिरवी रखा गया (परिपक्वता 3 महीने से अधिक लेकिन 12 महीने से कम) | 125.44 | 191.10 |
| एफडीआर को ईएमडी के रूप में जारी किया गया | 71.08 | 60.59 |
| **कुल** | **196.52** | **251.69** |

**टिप्पणी :** कंपनी पंजाब नेशनल बैंक से फंड/गैर–फंड आधारित सीमा का लाभ उठा रही है, जो कच्चे माल, स्टॉक प्रक्रिया में, तैयार माल और बुक डेट के दृष्टिबंधक के माध्यम से सुरक्षित है और आगे कंपनी की अचल और चल पूंजीगत परिसंपत्तियों पर प्रथम प्रभार द्वारा संपार्श्विक रूप से सुरक्षित किया गया।

**12. अन्य परिसंपत्तियां**

**12ए. अन्य परिसंपत्तियां - गैर चालू**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| अन्य – | | |
| – प्रीपेड खर्चे | - | 0.58 |
| **कुल** | **-** | **0.58** |

## 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का हिस्सा बनाने वाले नोट्स ( क्रमशः )

**12बी. अन्य परिसंपत्तियां - चालू**

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

| **विवरण** | **31 मार्च, 2023 को** | **31 मार्च, 2022 को** |
|---|---|---|
| – कर्मचारियों को खर्चे के बदले अग्रिम | 1.58 | 1.69 |
| जीएसटी अपील के खिलाफ जमा | 23.84 | - |
| प्रीपेड खर्चे | 10.45 | 5.64 |
| अन्य अग्रिम | 10.03 | 73.69 |
| विक्रेताओं को अग्रिम | 12.83 | 31.05 |
| जीएसटी समायोज्य | 210.48 | 339.06 |
| प्राप्त अग्रिम पर जीएसटी | 49.98 | - |
| **कुल** | **319.19** | **451.13** |

**13. वर्तमान कर परिसंपत्तियां एवं दायित्व**

| **विवरण** | **31 मार्च, 2023 को** | **31 मार्च, 2022 को** |
|---|---|---|
| **वर्तमान कर परिसंपत्तियां** | | |
| पूर्व अवधि में भुगतान किए गए करों की वसूली के लिए कर हानि का लाभ वापस लिया जाएगा | - | - |
| करों का अग्रिम भुगतान | 285.47 | 547.47 |
| | **285.47** | **547.47** |
| **वर्तमान कर दायित्व** | - | - |
| आयकर देय | 18.40 | 18.40 |
| | **18.40** | **18.40** |
| **वर्तमान कर परिसंपत्तियां / ( दायित्व )** | **267.07** | **529.07** |

**14. इक्विटी शेयर पूंजी**

| **विवरण** | **31 मार्च, 2023 को** | **31 मार्च, 2022 को** |
|---|---|---|
| इक्विटी शेयर पूंजी | 1,225.00 | 1,225.00 |
| **कुल** | **1,225.00** | **1,225.00** |

| | | |
|---|---|---|
| **प्राधिकृत शेयर पूंजी:** | | |
| 1,50,00,000 इक्विटी शेयर्स प्रत्येक 10/– रु. के (31 मार्च, 2023 तकः 1,50,00,000) | 1,500.00 | 1,500.00 |
| **निर्गमित और खरीदे गए पूंजी में शामिल है :** | | |
| 1,22,50,000 इक्टिवी शेयर्स पूर्ण प्रदत्त, प्रत्येक 10/– रु. के (31 मार्च, 2023 तक : 1,22,50,000) | 1,225.00 | 1,225.00 |
| | **1,225.00** | **1,225.00** |

**14.1 अवधि के दौरान बदलाव**

| | **31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए** | | **31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए** | |
|---|---|---|---|---|
| **विवरण** | **शेयरों की संख्या** | **शेयर पूंजी ( राशि )** | **शेयरों की संख्या** | **शेयर पूंजी ( राशि )** |
| अवधि के आरंभ में शेष | 1,22,50,000 | 1,225.00 | 1,22,50,000 | 1,225.00 |
| बदलाव | - | - | - | - |
| अवधि के अंत में शेष | 1,22,50,000 | 1,225.00 | 1,22,50,000 | 1,225.00 |

पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर, जिनका 10 रुपये के बराबर मूल्य है, प्रति शेयर एक वोट रखते हैं और लाभांश का अधिकार रखते हैं।

**14.2 प्रत्येक शेयरधारक द्वारा रखे गए 5% से अधिक शेयर का विवरण**

| | **31 मार्च, 2023 को** | | **31 मार्च, 2022 को** | |
|---|---|---|---|---|
| **विवरण** | **धारित शेयरों की संख्या** | **शेयरों की श्रेणी में % होल्डिंग** | **धारित शेयरों की संख्या** | **शेयरों की श्रेणी में % होल्डिंग** |
| इक्विटी शेयर्सः | | | | |
| भारत सरकार | 62,47,500 | 51% | 62,47,500 | 51% |
| रीको, जयपुर | 60,02,500 | 49% | 60,02,500 | 49% |
| **कुल** | 1,22,50,000 | 100% | 1,22,50,000 | 100% |

# 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का हिस्सा बनाने वाले नोट्स (क्रमशः)

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

**14.3 प्रमोटरों द्वारा धारित शेयरों का विवरण**

| वर्ष के अंत में प्रमोटर द्वारा रखे गए शेयर | | | वर्ष के दौरान % परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| प्रमोटर का नाम | शेयरों की संख्या | कुल शेयरो का % | |
| भारत सरकार | 62,47,500 | 51% | - |
| मैसर्स राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड, जयपुर | 60,02,500 | 49% | - |

**14.4 पूर्ववर्ती पांच वर्षों के लिए शेयरों का विवरण**

| विवरण | 31/03/2022 | 31/03/2021 | 31/03/2020 | 31/03/2019 | 31/03/2018 |
|---|---|---|---|---|---|
| नकद में प्राप्त भुगतान के बिना अनुबंधों के लिए आवंटित इक्विटी शेयरों की संख्या | - | - | - | - | - |
| इक्विटी शेयर इश्यू की संख्या, बोनस शेयर के रूप में | - | - | - | - | - |
| वापस खरीदे गए इक्विटी शेयरों की संख्या | - | - | - | - | - |

**15. अन्य इक्विटी**

**इक्विटी बैलेंस में विस्तृत उतार-चढ़ाव के लिए इक्टिवी में बदलाव का विवरण देखें।**

**चालू वर्ष**

| विवरण | सामान्य संचय | प्रतिधारित अर्जन | कुल |
|---|---|---|---|
| **31 मार्च, 2022 तक शेष राशि** | 5,973.45 | 95.94 | 6,069.39 |
| जोड़े : वर्ष के लिए लाभ/(हानि) | - | (1,006.06) | (1,006.06) |
| जोड़े : अन्य व्यापक आय | - | (2.79) | (2.79) |
| घटाइयें : प्रतिधारित आय में स्थानांतरण | (1,000.00) | - | (1,000.00) |
| जोड़े : सामान्य संचय से स्थानांतरण | - | 1,000.00 | 1,000.00 |
| **31 मार्च, 2023 तक शेष राशि** | **4,973.45** | **87.09** | **5,060.54** |

**पिछला वर्ष**

| विवरण | सामान्य संचय | प्रतिधारित अर्जन | कुल |
|---|---|---|---|
| **31 मार्च, 2021 तक शेष राशि** | 6,823.45 | 60.27 | 6,883.72 |
| जोड़े : वर्ष के लिए लाभ/(हानि) | - | (846.24) | (846.24) |
| जोड़े : अन्य व्यापक आय | - | 31.91 | 31.91 |
| घटाइयें : प्रतिधारित आय में स्थानांतरण | (850.00) | - | (850.00) |
| जोड़े : सामान्य संचय से स्थानांतरण | - | 850.00 | 850.00 |
| **31 मार्च, 2022 तक शेष राशि** | **5,973.45** | **95.94** | **6,069.39** |

**16. अन्य वित्तीय देनदारियां - चालू**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| (अ) बयाना राशि | 36.58 | 35.64 |
| (ब) रिटेंशन राशि | 20.96 | 20.96 |
| (स) प्रतिभूति जमा | 104.40 | 107.56 |
| (द) कर्मचारी लाभ देय | 109.57 | 102.29 |
| (य) अन्य | 96.09 | 10.48 |
| (ल) खर्चों के विरुद्व कर्मचारियों को प्रतिपूर्ति | 77.27 | 118.25 |
| **कुल** | **444.87** | **395.18** |

**17. प्रावधान**

**17 ए. प्रावधान - गैर चालू**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| कर्मचारी लाभ | 284.74 | 266.25 |
| **कुल** | **284.74** | **266.25** |

## 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का हिस्सा बनाने वाले नोट्स ( क्रमशः )

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

**17 बी. प्रावधान - चालू**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| कर्मचारी लाभ | 1,085.23 | 916.21 |
| वारंटी के लिए प्रावधान | 50.00 | 50.00 |
| **कुल** | **1,135.23** | **966.21** |

17.1 कर्मचारी लाभ के प्रावधान में ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण, आधा वेतन अवकाश और सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा योजना के लिए दायित्व का प्रावधान शामिल है। उपरोक्त को बीमांकिक द्वारा प्रदान की गई रिपोर्ट के अनुसार मान्यता दी गई है।

17.2 ग्राहकों को सामान के साथ–साथ सेवाओं के लिए वारंटी प्रदान की जाती है। कंपनी इंड एएस 37 के अनुसार वारंटी खर्चों के लिए प्रावधान करती है।

**18. अन्य दायित्व**

**18 ए. अन्य गैर-चालू दायित्व**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| – आय से संबंधित आस्थगित अनुदान | - | 12.87 |
| – परिसंपत्ति से संबंधित आस्थगित अनुदान | 18.15 | 19.22 |
| – आस्थगित राजस्व | 246.18 | 211.82 |
| **कुल** | **264.33** | **243.91** |

**18 बी. अन्य चालू दायित्व**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| **ग्राहकों से अग्रिम** | | |
| संबंधित पार्टियों से | 178.78 | - |
| **अन्य से** | 2,529.68 | 1,720.41 |
| – आय से संबंधित आस्थगित अनुदान | 12.87 | 12.87 |
| – परिसंपत्ति से संबंधित आस्थगित अनुदान | 1.07 | 1.07 |
| – भारत की संचित निधि के अंतर्गत देय ब्याज | 13.69 | 13.30 |
| – आस्थगित राजस्व | 30.99 | 95.40 |
| – वैधानिक बकाया | 196.95 | 193.34 |
| **कुल** | **2,964.03** | **2,036.39** |

18.1 आय से संबंधित आस्थगित अनुदान को उस अवधि के दौरान व्यवस्थित आधार पर लाभ या हानि में मान्यता दी जाएगी जिसमें संगठन उन संबंधित लागतों को व्यय के रूप में पहचानता है, जिसके लिए अनुदान की क्षतिपूर्ति करने का इरादा है।

18.2 परिसंपत्तियों से संबंधित आस्थगित अनुदान को परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन पर व्यवस्थित आधार पर लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है।

**19 ए. व्यापार देय - गैर चालू**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| **<u>संबंधित पार्टियों से</u>** | - | - |
| **<u>अन्य से</u>** | | |
| – सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लेनदारों की कुल बकाया राशि | - | - |
| – सूक्ष्म और लघु उद्यमों के अलावा अन्य लेनदारों की कुल बकाया राशि | 7.59 | 43.23 |
| **कुल** | **7.59** | **43.23** |

**19 बी. व्यापार देय - चालू**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| **<u>संबंधित पार्टियों से</u>** | - | - |
| **<u>अन्य से</u>** | | |
| – सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लेनदारों की कुल बकाया राशि | 2,979.81 | 2,628.20 |
| – सूक्ष्म और लघु उद्यमों के अलावा लेनदारों की कुल बकाया राशि | 11,993.06 | 11,787.19 |
| **कुल** | **14,972.87** | **14,415.39** |

19.1 उपरोक्त बकाया राशि में अनुबंध संबंधी दायित्वों को पूरा न करने के कारण मेसर्स सनटेक इंडस्ट्रीज को देय 3229.89 लाख रुपये शामिल हैं। पार्टी पहले ही कंपनी के ग्राहकों मेसर्स प्रादेशिक को–ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (PCDF), उत्तर प्रदेश और मेसर्स यूपीनेडा के संबंध में निचली अदालत में दो मामले हार चुकी है। पीसीडीएफ के मामले में मामला माननीय मध्यस्थ के समक्ष कानूनी कार्यवाही के अधीन है। UPNEDA के मामले में मैसर्स सनटेक इंडस्ट्रीज द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर के समक्ष एस.बी.सिविल मध्यस्थता आवेदन दायर किया गया है।

# 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का हिस्सा बनाने वाले नोट्स ( क्रमशः )

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

**व्यापार देनदारियां एजिंग शिडयूल 31 मार्च, 2023 को**

| विवरण | भुगतान की देय तिथि से निम्नलिखित अवधियों के लिए बकाया | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 महीने से कम | 6 महीने से 1 वर्ष | 1 वर्ष से 2 वर्ष | 2 वर्ष से 3 वर्ष | 3 वर्ष से ज्यादा | |
| (i) एमएसएमई | 1,514.49 | 103.35 | 237.67 | 112.04 | 1,012.26 | **2,979.81** |
| (ii) अन्य | 2,585.22 | 332.81 | 1,949.87 | 1,486.67 | 1,795.92 | **8,150.49** |
| (iii) विवादित बकाया–एमएसएमई | - | - | - | - | - | **-** |
| (iv) विवादित बकाया–अन्य | - | - | 6.25 | - | 3,836.32 | **3,842.57** |
| **कुल** | **4,099.71** | **436.16** | **2,193.79** | **1,598.71** | **6,644.50** | **14,972.87** |

**व्यापार देनदारियां एजिंग शिडयूल 31 मार्च, 2022 को**

| विवरण | भुगतान की देय तिथि से निम्नलिखित अवधियों के लिए बकाया | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 महीने से कम | 6 महीने से 1 वर्ष | 1 वर्ष से 2 वर्ष | 2 वर्ष से 3 वर्ष | 3 वर्ष से ज्यादा | |
| (i) एमएसएमई | 1365.32 | 137.41 | 29.57 | 114.57 | 981.33 | 2628.20 |
| (ii) अन्य | 4286.78 | 847.08 | 1117.82 | 490.09 | 1975.34 | 8717.11 |
| (iii) विवादित बकाया–एमएसएमई | - | - | - | - | - | - |
| (iv) विवादित बकाया–अन्य | - | - | - | 87.51 | 2982.57 | 3070.08 |
| **कुल** | **5652.10** | **984.49** | **1147.39** | **692.17** | **5939.24** | **14415.39** |

**20. आकस्मिक दायित्व, आकस्मिक परिसंपत्ति और प्रतिबद्धता**

**20.1 आकस्मिक दायित्व**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| (अ) कंपनी की ओर से बैंकरों द्वारा दी गई गारंटी | 3,693.08 | 2,404.30 |
| (ब) कंपनी के खिलाफ दावों को ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है | 4,047.43 | 3,575,58 |
| (स) जीएसटी कारण बताओ नोटिस आयुक्त (अपील–सीजीएसटी) के पास लंबित है | 238.46 | 238.46 |
| (द) उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर विभाग द्वारा सेवा कर कारण बताओ नोटिस/डिमांड (2009–10) | 3.82 | 3.82 |
| (य) पुराने बिक्री रिटर्न पर जीएसटी उलटाव | - | 42.17 |

20.1.1 कंपनी के खिलाफ दावों को ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है, जिसमें मैसर्स सनटेक इंडस्ट्रीज, मेसर्स उत्तम प्रकाश और कंपनी के पूर्व कर्मचारियों के दावे शामिल हैं, जिनके लिए मुकदमा अदालत में लंबित है।

20.1.2 आकस्मिक देनदारियों को तब पहचाना जाता है जब पिछली घटनाओं से संभावित दायित्व उत्पन्न होता है और जिनके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाओं के घटित होने या न होती है जो पूरी तरह से मंगठन के नियंत्रण में नहीं हैं। एमएसएमई विक्रेताओं में से एक, मैसर्स गनसम ग्लोबल सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पास 14.75 लाख रुपये की बकाया राशि है ने MSMED अधिनियम, 2006 के अनुसार ब्याज का दावा किया है और अमरावती में आंध्र प्रदेश के माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष आवेदन दायर किया है। 26.12.2022 को माननीय उच्च न्यायालय ने आदे पारित किया है जिसमें याचिकाकर्ता को जयपुर में मध्यस्थता अदालत में मध्यस्थता अधिनियम की धारा 34 के तहत अपील करने का निर्देश दिया है। अब यह मामला वाणिज्यिक न्यायालय, जयपुर में लंबित है। प्रबंधन के अनुसार, ब्याज दायित्व का विश्वसनीय अनुमान नहीं लगाया जा सकता है, इसलिए, इसे आकस्मिक दायित्व के रूप में प्रकट नहीं किया गया है।

**20.2 आकस्मिक परिसंपत्तियां**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| बीमा दावें दर्ज किए गए लेकिन स्वीकृत/निपटाए नहीं गए | 4.64 | 11.99 |
| **कुल** | **4.64** | **11.99** |

**20.3 प्रतिबद्धताएं**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को | 31 मार्च, 2022 को |
|---|---|---|
| **प्रतिबद्धताएं** | | |
| निष्पादित किए जाने के लिए शेष अनुबंधी की अनुमानित राशि और सेवा और रखरखाव अनुबंधों को शामिल करने के लिए प्रदान नहीं किया गया है। | 14,624.36 | 13,070.22 |
| **कुल** | **14,624.36** | **13,070.22** |

## 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का हिस्सा बनाने वाले नोट्स (क्रमशः)

**21. परिचालन से राजस्व**

(सभी राशि लाख रु. में, जब तक अन्यथा न कहा जाए)

निरंतर परिचालन से अवधि के लिए कंपनी के राजस्व का विवरण निम्नलिखित है।

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| (अ) बिक्री | | |
| निर्यात | 304.95 | 3.33 |
| घरेलू | 8,155.71 | 9,015.61 |
| (ब) सेवाओं की बिक्री | - | |
| (स) अन्य परिचालन राजस्व | | |
| सेवा रखरखाव और स्थापना शुल्क | 3,536.65 | 5,349.53 |
| अनुदान सहायता | 12.87 | 2,112.75 |
| बीमा प्राप्तियां | 4.86 | 6.48 |
| परिवहन प्राप्तियां | 3.49 | 2.89 |
| घटायें: | | |
| (द) उत्पादन शुल्क | - | - |
| **कुल** | **12,018.53** | **16,490.59** |

21.1 सहायता अनुदान में चालू वर्ष में 12.87 लाख रुपये की आय से संबंधित अनुदान शामिल है (पिछले वर्ष में 2112.75 लाख रुपये) जिसे उस अवधि में व्यवस्थित आधार पर लाभ या हानि में पहचाना जाता है जिसे संगठन उन संबंधित लागतों को व्यय के रूप में पहचानती है जिनकी क्षतिपूर्ति के लिए अनुदान का इरादा है।

21.2 राजस्व डिसएग्रीगेशन जैसा कि खंड सूचना में शामिल किया गया है (नोट 34 देखें)।

21.3 असंतुष्ट (या आंशिक रूप से संतुष्ट) प्रदर्शन दायित्वों के लिए आवंटित लेनदेन मूल्य का कुल मूल्य 277.17 लाख रुपये है जिनमें से 11.18% की पहचान अगले वर्ष होने की उम्मीद है। ग्राहकों के साथ अनुबंध से कोई प्रतिफल ऊपर उल्लिखित राशि से बाहर नहीं रखा गया है।

**31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए आस्थगित राजस्व में परिवर्तन इस प्रकार हैं :**

| | |
|---|---|
| **वर्ष के आरंभ में शेष राशि** | **307.22** |
| वर्ष के दौरान मान्यता प्राप्त राजस्व | (169.33) |
| वर्ष के दौरान वृद्धि | 139.28 |
| **वर्ष के अंत में शेष राशि** | **277.17** |

**22. अन्य आय**

अ) ब्याज आय

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| बैंक जमा | 25.24 | 47.94 |
| अन्य | 72.89 | 114.07 |
| **कुल (अ)** | **98.13** | **162.01** |

ब) अन्य गैर–परिचालन आय

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| सरकारी अनुदान का परिशोधन* | 1.07 | 1.07 |
| विदेशी मुद्रा में उतार–चढ़ाव | - | 1.04 |
| अन्य (अभौतिक वस्तुओं का कुल) | 19.24 | 6.44 |
| **कुल (ब)** | **20.31** | **8.55** |
| **कुल (अ+ब)** | **118.44** | **170.56** |

*1.07 लाख रुपये के अनुदान का परिशोधन परिसंपत्ति से संबंधित अनुदान का परिशोधन है (पिछले वर्ष में 1.07 लाख रुपये) जिसे परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवन पर व्यवस्थित आधार पर लाभ या हानि में पहचाना जाता है।

**23. उपभोग की गई सामग्री की लागत**

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| **उपभोग की गई सामग्री की लागत** | | |
| प्रारंभिक स्टॉक | 1,669.79 | 1,403.05 |
| जोडें : कच्चा माल खरीद | 6,307.38 | 10,172.56 |
| | **7,977.17** | **11,575.61** |
| घटायें : अंतिम स्टॉक | 1,803.76 | 1,669.79 |
| **कुल** | **6,173.41** | **9,905.82** |

## 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का हिस्सा बनाने वाले नोट्स (क्रमशः)

